

AVERY DENNISON

# अपनी छाप छोड़ें।

## Avery Dennison आचरण-संहिता

फ़रवरी 2018 को अद्यतित।

# प्रत्येक दिन विकल्पों से भरपूर।

कुछ आसान होते हैं। अन्य आपसे सही क्या है जानने के लिए ज़ोरदार खोज करवाते हैं। छोटे हों या बड़े, वे आपके व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं। एक के बाद एक, वे Avery Dennison के भविष्य को गढ़ने में मदद करते हैं। हर विकल्प महत्वपूर्ण है, और अपने प्रत्येक चयन के साथ आप अपनी छाप छोड़ते हैं।



# हमारी आचार संहिता में आपका स्वागत है।

प्रतिदिन व्यवसाय के क्रम में हम अनगिनत निर्णय लेते हैं। बड़े और छोटे, विशेष और सामान्य, सभी तरह के निर्णय। आपके निर्णय न सिर्फ़ आपकी व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा को दर्शाते हैं, बल्कि वे Avery Dennison को परिभाषित भी करते हैं।

हमारी आचार संहिता का आधार, हमारे नेतृत्व संबंधी सिद्धांत हैं, जो यह बताते हैं कि नैतिक, मूल्य आधारित कंपनी होना न सिर्फ़ अच्छा गुण है, बल्कि यही संचालन करने का एकमात्र तरीका है। आचार संहिता हमें दैनिक रूप से निर्णय लेने के बारे में लगातार बातचीत के लिए प्रोत्साहन देने के लिए तैयार की गई है।

व्यापार की जटिल दुनिया में हमें कोई भी समस्या न आने पाए, इसके लिए हम ऐसे निर्णय लेने में आचार संहिता की मदद ले सकते हैं जो हमारे मूल्यों के अनुरूप होने के साथ-साथ नैतिक और वैधानिक भी हों। इस प्रकार की मानसिकता से हमें प्रतिस्पर्धी बनने का फ़ायदा मिलता है और यह हमें अलग-अलग तरह के लोगों के समूह, नियोक्ता और कॉर्पोरेट नागरिक के तौर पर अलग पहचान देती है।

आचार संहिता एक ऐसा टूल है, जो सत्यनिष्ठा के साथ काम करने में आपकी मदद करता है, जिसकी वजह से हमारी कंपनी से इंटरैक्ट करने वाले सभी लोग - हमारे लोग, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता और हमारे शेयरधारक हम पर भरोसा कर पाते हैं। यह संहिता, न सिर्फ़ कर्मचारियों के लिए है; यह हमारे निदेशकों और अधिकारियों पर भी लागू होती है।

मैं चाहता हूँ कि आप इस संहिता और हमारे मूल्य और नैतिकता उपकरणों का उपयोग करके अपनी पहचान बनाएं।

Deon

डीओन स्टेंडर
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# कुछ आचार संहिताएं पढ़ने में नियम पुस्तिकाओं जैसी लगती हैं। यह उनमें से नहीं है।

ऐसा करने के बजाय, हम अपनी नीतियों, अपेक्षाओं और दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करते हैं, ताकि आप हालातों की मांग के मुताबिक अपनी विशेष परिस्थिति में सबसे अच्छा निर्णय ले पाएं।

इस संहिता को बातचीत शुरू करने का साधन मानें, जहां हम प्रत्येक स्थिति के बारे में विचार करते हुए आपको कामयाबी दिलाने के सबसे अच्छे तरीके के बारे में सोचते हैं। इसीलिए, आप देखेंगे कि इस संहिता का हर एक सेक्शन आप पर केंद्रित है। चाहे आपको कर्मचारी, सह-कर्मचारी या सुपरवाइज़र होने से जुड़ी अपेक्षाओं के बारे में मार्गदर्शन की ज़रूरत हो या आपको यह जानना हो कि बाज़ार में, अपने समुदायों में हम किस प्रकार से पेश आते हैं या परिवेश में हम किस तरह व्यवहार करते हैं, आप जानेंगे कि हमारा उद्देश्य हमेशा से नैतिक समाधान निकालने के लिए सही निर्णय प्रक्रिया का पालन करने में आपकी मदद करना है।

याद रखें कि अपने नैतिक निर्णय लेते समय आप अकेले नहीं हैं। हमारी कंपनी के मूल्यों के हिस्से के रूप में, टीमवर्क और सत्यनिष्ठा करीब से जुड़े हुए हैं। नैतिक निर्णय लेना शायद ही कभी आसान या सुविधाजनक रहा हो और पारदर्शिता के लिए चर्चा करना, चुनौतियों और सवालों का सामना करना ज़रूरी होता है, इसलिए, कृपया संपर्क करें। आपके मैनेजर, आपका रीजनल एथिक्स काउंसेल या हमारी कानूनी टीम का सदस्य आपकी मदद के लिए हमेशा उपलब्ध है। मार्गदर्शन पाने या नैतिकता से जुड़ी किसी भी चिंता के बारे में रिपोर्ट करने के लिए व्यावसायिक आचरण दिशानिर्देशों का इस्तेमाल करने में कभी भी संकोच न करें। Avery Dennison में नेकनीयत से रिपोर्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति से प्रतिशोध लेना बर्दाश्त नहीं किया जाता है।

संहिता को पढ़ें। हमारी नीतियों को समझें। फिर हर बार अपने नैतिक विकल्प चुनते समय उनका पालन करें। ऐसा करना Avery Dennison को हमेशा के लिए मज़बूत बनाने का अहम तरीका है। और दशकों से Avery Dennison के कर्मचारी यही तो करते आए हैं।



डिएगो सॉल
वरिष्ठ निदेशक, नैतिकता और अनुपालन अधिकारी



# आपके प्रबुद्ध और प्रेरक नैतिक चुनाव, हमारी संकल्पना और नैतिक-मूल्यों को जीवंत करते हैं।


**06 हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है**

09 मदद पाना

प्रश्न पूछें, बातचीत शुरू करें, चिंता रिपोर्ट करें

- संपर्क
- व्यवसाय आचार संहिता दिशा-निर्देश

**12 आप + कार्य-स्थल**

13 आप

क़ानून का अनुपालन

कर्मचारियों के दायित्व

प्रबंधकों के दायित्व

मूल्य-आधारित निर्णय लेना

प्रश्न पूछना और सहायता पाना

चिंताओं की रिपोर्ट करना

- Business Conduct GuideLine और अन्य संसाधन
- अनामत्व और गोपनीयता
- अप्रतिशोध

17 सहकर्मी

समान अवसर

उत्पीड़न

कार्यस्थल हिंसा

पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा

नशीले पदार्थों से मुक्त कार्य-स्थल

परिवारवाद रहित

19 कंपनी

कारोबार और वित्तीय अभिलेख

- सटीक खाते और अभिलेख
- अभिलेख और सूचना प्रबंधन

परिसंपत्तियाँ और सूचना

- कंपनी परिसंपत्तियों का संरक्षण और सही उपयोग
- स्वामित्व जानकारी और बौद्धिक संपत्ति का संरक्षण
- व्यक्तिगत गोपनीयता और निजी डेटा
- अन्य लोगों की गोपनीय जानकारी
- भेदिया व्यापार

**25 आप +बाज़ार**

27 आपूर्तिकर्ता और साझेदार

हितों में टकराव

- निवेश और व्यावसायिक संबंध
- उपहार, भोजन और मनोरंजन
- दूसरी नौकरियाँ
- कॉर्पोरेट अवसर

आपूर्तिकर्ता मानक

30 ग्राहक और बाज़ार

बिक्री और विपणन

बाज़ार में न्यायसंगत लेन-देन

प्रतिस्पर्धात्मक समझ

प्रतियोगिता

**34 आप+विश्व**

35 वैश्विक पदचिह्न

धारणीयता

पर्यावरण

समुदाय और सामाजिक दायित्व

37 सरकारें

व्यापार अनुपालन

घूसखोरी और भ्रष्टाचार

सरकारी पूछताछ और जाँच-पड़ताल

39 मीडिया

सामाजिक मीडिया

समाचार मीडिया

**42 संहिता को लागू करना**

जाँच-पड़ताल और प्रतिक्रिया

बेईमान रिपोर्टिंग

संहिता के उल्लंघन के लिए अनुशासन

छूट

**45 केस स्टडी**



# हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है

Avery Dennison कर्मचारी के रूप में आपके द्वारा लिए जाने वाले निर्णय हमारे मूल्यों द्वारा मार्गदर्शित होते हैं। ये हमारे द्वारा लिए जाने वाले निर्णयों को निर्देशित करने वाली शक्तियाँ हैं।

# हमारे-मूल्य

## ईमानदारी

**हम सही कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। हमेशा।**

- हम वही करते हैं जो हम कहते हैं।
- हम फ़ायदे से अधिक नैतिकता को महत्व देते हैं।
- जो भी हम करते हैं उसमें हम ईमानदार और पारदर्शी हैं।

## साहस

**हम विपरीत परिस्थितियों और अज्ञात लोगों का निडरता से सामना करते हैं।**

- हम बड़ा सोचते हैं और महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय करते हैं।
- जो सही है हम उसके लिए खड़े होते हैं और बोलते हैं।
- हम जोखिम उठाते हैं और विफलता में अवसर को पहचानते हैं।

## बाहरी फ़ोकस

**बेहतर पाने के लिए हम बाहरी लोगों पर ध्यान देते हैं।**

- हम अपने ग्राहकों की सफलता से प्रेरित होते हैं।
- अपने दृष्टिकोण को विस्तारित करने और अपनी सोच को जागरुक रखने के लिए हम बाहरी वातावरण का पता लगाते हैं।

## विविधता

**हम विविध विचारों और टीमों से क्षमता हासिल करते हैं।**


- हमें अलग-अलग दृष्टिकोणों और विमर्श की आवश्यकता होती है।
- हम सभी पृष्ठभूमियों और झुकावों वाले लोगों के लिए एक समावेशी और सम्मानजनक वातावरण बनाते हैं।


सिंहावलोकन
हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है
मदद पाना
आप + कार्य-स्थल
आप + बाज़ार
आप + विश्व
संहिता को लागू करना
केस स्टडी


**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वार्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।


# हमारे-मूल्य



## स्थिरता

**हमारा ध्यान अपने व्यापार, ग्रह और समुदायों के दीर्घकालिक स्वास्थ्य पर केंद्रित हैं।**

- हम लगातार अपने व्यवसाय के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं।
- हम अपने समुदायों की बेहतरी के लिए काम करते हैं।



## नवोन्मेषण

**हम नई संभावनाएँ पैदा करने के लिए कल्पना और बुद्धि का उपयोग करते हैं।**

- हम यथास्थिति को चुनौती देते हैं।
- सुधार करने और सीखने के लिए हम विफलता का उपयोग करते हैं।
- हम अपने आपको बाधित करने के तरीके ढूँढते हैं।



## टीमवर्क

**जब हम एक साथ मिलकर काम करते हैं और दूसरों को खुद से आगे रखते हैं तो हम बेहतर बनते हैं।**

- हमारी टीमों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता है।
- हम अपनी सामूहिक शक्तियों का लाभ उठाने के लिए सहयोग करते हैं।
- हम अपनी टीम के सदस्यों को विकसित करते हैं और उनका समर्थन करते हैं।



## उत्कृष्टता

**हम खुद से और एकदूसरे से सर्वश्रेष्ठ की अपेक्षा करते हैं।**

- हम अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हैं।
- हम सतत सुधार के प्रति प्रतिबद्ध हैं।
- हम गति और चपलता के साथ निर्णायक रूप से कार्य करते हैं।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।



# मदद लेना

प्रश्न पूछें, बातचीत शुरू करें,
चिंता रिपोर्ट करें।

### आपका मैनेजर

हमेशा उपलब्ध हैं और आपकी समस्याओं और चिंताओं का स्वागत है। बात करने से ना झिझकें।

### मानव संसाधन

रोज़गार या कार्य परिवेश की समस्याओं और चिंताओं के प्रति प्रश्नों के लिए उत्तम संसाधन है। आपके स्थानीय मानव संसाधन प्रतिनिधि मदद के लिए उपलब्ध हैं।

## इस संहिता के अंत में दिए गए केस अध्ययन वास्तविक जीवन की उन परिस्थितियों को प्रस्तुत करते हैं जिनका सामना आपके सहकर्मी कर चुके हैं। ये केस अध्ययन जान बूझकर चुनौतिपूर्ण हैं, क्योंकि अधिकांश नैतिक निर्णय हमेशा आसान नहीं होते हैं।

**विचार? अपनी राय व्यक्त करें!**

इस आचरण संहिता को और उपयोगी बनाने के लिए कोई विचार है? बेहतर नैतिक निर्णय लेने के लिए आपके पास कोई सलाह है? आपके समूह आचार परामर्शदाता आपकी बात सुनना चाहते हैं।

कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

सिंहावलोकन
हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है
मदद पाना
आप + कार्य-स्थल
आप + बाज़ार
आप + विश्व
संहिता को लागू करना
केस स्टडी

## Your Regional Ethics Counsel


### North America
Chris Johnson
+1-440-534-4894
chris.johnson@averydennison.com

### Latin America
Diego Saul
+1-626-304-2388
diego.saul@averydennison.com

### EMEA
Magdalena Pacyga
+31-611586198
magdalena.pacyga@averydennison.com

### Asia Pacific
Maggie My Li
+852-2820-4598
maggiemy.li@ap.averydennison.com


## Business Conduct Guideline

उस अवसर के लिए उत्तम संसाधन है जब आप इस बारे में विश्वस्त नहीं कि किसे पूछना चाहिए, या आप जब अज्ञात रूप से बात करना चाहते हों। मार्गनिर्देश हर वक्त उपलब्ध है।

### कॉल करें

+1-720-514-4400
Operator assistance may be required and local charges may apply.

See pages 58-59 for country and language-specific GuideLine numbers.

### ऑनलाइन जाएँ

https://www.averydennison.com/guidelinereport

or

https://www.averydennison.com/guidelinereport-eu
from Europe

## अन्य संसाधन

OurWorld पर कॉर्पोरेट नीति पुस्तिका उपलब्ध है। हमारी नीतियों की समीक्षा करें और उन्हें समझें और उनसे अपना अनुपालन प्रमाणित करने के लिए, अनुरोध किए जाने पर तुरंत वार्षिक अनुपालन प्रमाणीकरण पूरा करें।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।



अपने संगठन के लिए हमारे द्वारा निर्धारित सत्यनिष्ठा मानक का तात्पर्य है कि हम क़ानून का अक्षरशः और साभिप्राय अनुपालन करना चाहते हैं।

आप+

# कार्य-स्थल

# आप + कार्य-स्थल

**हम जानते हैं कि नैतिक चुनाव हमेशा आसान नहीं होता। इसीलिए हम आपको अपने चयन के बारे में आश्वस्त महसूस कराने में मदद के लिए समर्थन, प्रशिक्षण और संसाधन की पेशकश करते हैं। आपका प्रबंधक, मानव संसाधन, समूह आचार परामर्शदाता या कानून विभाग का अन्य सदस्य, Business Conduct GuideLine और मदद के अन्य स्रोत हमेशा उपलब्ध हैं।**

## आप

### क़ानून का अनुपालन

अनुपालन बुनियाद है। हममें से प्रत्येक द्वारा अपने विशिष्ट कार्य के लिए प्रचलित क़ानून, विनियम और नीतियों को समझना - और उनका अनुपालन करना ज़रूरी है। लेकिन अनुपालन केवल शुरुआत है। कभी-कभी, हो सकता है कि क़ानून का अक्षरशः पालन करें, लेकिन फिर भी जो सही है वह न करें। यह हमारे चिंतन के खिलाफ़ है। Avery Dennison में, हम ऊँचे नैतिक मानकों के लिए प्रयास करते हैं।

### कर्मचारियों के दायित्व

अपने लिए हमारे द्वारा निर्धारित सत्यनिष्ठा मानक का तात्पर्य है कि हम क़ानून का अक्षरशः और साभिप्राय अनुपालन करना चाहते हैं। जानकारी हासिल करने और उसे कार्यान्वित करने में समय और शक्ति लगती है। इसे अपनी सफलता और हमारी कंपनी के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण निवेश मानें।


सिंहावलोकन
हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है
मदद पाना
आप + कार्य-स्थल
आप + बाज़ार
आप + विश्व
संहिता को लागू करना
केस स्टडी



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

हर बार जब आप बतौर कर्मचारी चुनाव करते हैं, आप इस संहिता को जीवंत करते हैं।

### प्रबंधकों के दायित्व

प्रबंधकों के अतिरिक्त दायित्व है। वे उदाहरण, आदर्श समुचित आचरण से नेतृत्व करते हैं और सुनिश्चित करते हैं कि कर्मचारियों द्वारा संहिता और अन्य नीतियों को समझा जाता है।

अपने दायित्वों के अंग के रूप में, प्रबंधक

- नैतिक व्यवसायिक अभ्यासों के महत्व पर जोर देकर और अपने मूल्यों को कायम रखकर टोन सेट करते हैं,
- यह दर्शाने के लिए हमारे नैतिक मानक किस प्रकार हमारे व्यवसाय करने के तरीकों को प्रभावित करते हैं, टॉकअबाउट टूलकिट और अन्य संसाधनों का उपयोग करके अपने कर्मचारियों के साथ संहिता के बारे में बात करते हैं,
- लोगों को चिंताओं के साथ आगे आने, अपनी टीम के सदस्यों से प्राप्त होने वाली किसी भी रिपोर्ट को उचित तरीके से आगे बढ़ाने और चिताएं व्यक्त करने वाले कर्मचारियों से बदला ना लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, और
- यदि वे संहिता का उल्लंघन होता हुआ देखते हैं या सुनते हैं तो वे तुरंत मानव संसाधन या कानून विभाग से बात करके त्वरित कार्रवाई करते हैं।

### मूल्य-आधारित निर्णय लेना

यह संहिता Avery Dennison के मूल्यों को कार्य रूप में दर्शाती है। हर बार जब आप बतौर कर्मचारी चुनाव करते हैं, आप संहिता को जीवंत करते हैं। अतः ऐसे समय में भी जब जल्दी काम करने के लिए आप पर दबाव डाला जाता है, हम चाहते हैं कि आप उसे सही तौर पर करने के लिए समय लें। इसका अर्थ, उन शब्दों और कार्रवाइयों का चयन करने में, जो हमारे साझा उद्देश्य और मानकों से संगत हैं, और सत्यनिष्ठा से काम करने में आपके द्वारा लिए जाने वाले समय है।

### प्रश्न पूछना और सहायता पाना

क्या आपका कोई प्रश्न है? कठिन प्रश्न? आप अकेले नहीं हैं। जब आप उत्तम चयन के बारे में निश्चित नहीं हैं, तब हम आपको प्रबुद्ध, नैतिक निर्णय लेने में मदद देने के लिए तैयार हैं। संसाधनों की पूरी सूची के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# त्वरित 5

## नैतिक निर्णयों के लिए मार्गनिर्देश

सही निर्णय लेना स्पष्ट न होने पर, इन प्रश्नों के प्रति अपनी कार्य-विधि की जांच करें। यदि किसी प्रश्न का उत्तर आप "नहीं" में देते हैं, तो अन्य क्रिया-विधि अपनाएँ। यदि किसी भी प्रश्न के लिए आपका उत्तर "शायद" या "मैं निश्चित नहीं हूँ" है, तो अपने प्रबंधक या समूह आचार परामर्शदाता से मार्गदर्शन लें।

1. क्या मेरा निर्णय हमारी संहिता के अनुकूल है?
2. क्या यह नैतिक है?
3. क्या यह कानूनी है?
4. क्या मैं चाहूँगा/चाहूँगी कि मेरे मित्र और परिवार जानें कि मैंने यह चुना है?
5. क्या मैं इंटरनेट पर इस निर्णय के बारे में पढ़ना चाहूँगा/चाहूँगी?

## चिंताओं की रिपोर्ट करना

हमारे सत्यनिष्ठा मानकों को बनाए रखने के लिए हम सबको एकजुट काम करना होगा। Avery Dennison आप पर भरोसा रखता है - और अपेक्षा करता है कि - आप क़ानून या हमारी संहिता का कोई उल्लंघन होता देखें या ऐसा होने आशंका हो, तो इसके बारे में बात करें। प्रबंधन के सदस्य, मानव संसाधन, अपने समूह आचार परामर्शदाता या कानून विभाग के किसी अन्य सदस्य या हमारे Business Conduct GuideLine को अपनी चिंता से अवगत कराएँ। कंपनी सभी रिपोर्टों को गंभीरता से लेगी और समुचित जाँच करवाएगी। हम संपूर्ण जाँच करने के लिए संभव सीमा तक गोपनीयता की सुरक्षा करेंगे।

कंपनी जानती है कि चिंता के बारे में बात करने में असुविधा महसूस हो सकती है। इसीलिए **हम किसी ऐसे व्यक्ति के प्रति प्रतिशोध को मना करते हैं,** जो सद्भावपूर्वक, संभाव्य क़ानून या हमारी संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट करता है। प्रतिशोध वह आचरण है जो किसी कर्मचारी को पेशेवर हानि पहुँचाता है और यह किसी भी रूप में हो सकता है। यदि आप चिंता व्यक्त करने वाले किसी व्यक्ति के प्रति प्रतिशोध देखें या ऐसा होने की शंका हो, तो तत्काल अपने प्रबंधक, प्रबंधन समिति के किसी सदस्य, मानव संसाधन या Business Conduct GuideLine के ज़रिए इसे रिपोर्ट करें (अज्ञात रूप से, यदि आप चाहें तो)। एक साथ, हम ऐसा कार्य-स्थल बनाए रख सकते हैं, जहाँ सभी लोग बिना डरे बात कर सकें।

अधिक जानकारी के लिए अप्रतिशोध (नीति 2.15) देखें।

हमारे सत्यनिष्ठा मानकों को बनाए रखने के लिए हम सबको एकजुट काम करना होगा।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## सहकर्मी

### समान अवसर

Avery Dennison प्रत्येक कर्मचारी के साथ न्यायसंगत तरीके से और सम्मान के साथ पेश आने के प्रति वचनबद्ध है। इसका तात्पर्य यह कि हम सभी कर्मचारियों और आवेदकों को समान अवसर उपलब्ध कराते हैं। हम नस्ल, रंग, धर्म, लिंग, गर्भावस्था, राष्ट्रीय मूल, वंश, नागरिकता, आयु, वैवाहिक स्थिति, शारीरिक अक्षमता, मानसिक अक्षमता, चिकित्सीय स्थिति, लैंगिक रुझान, लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति, वेटरन स्थिति या कानून द्वारा संरक्षित किसी अन्य स्थिति के कारण गैरकानूनी भेदभाव या उत्पीड़न को निषेध करते हैं। रोज़गार संबंधी निर्णय लेते समय, हम व्यक्तिगत योग्यताओं, प्रदर्शित कौशल, क्षमताओं और उपलब्धियों तथा साथ ही नौकरी के लिए उपयुक्त अन्य कारकों पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

समान रोजगार अवसर और सकारात्मक कार्रवाई (नीति 2.1) देखें।

### उत्पीड़न

Avery Dennison में उत्पीड़न के लिए कोई जगह नहीं है। हम मौखिक या शारीरिक उत्पीड़न, धौंस या भयभीत करने वाले, अप्रिय, अपमानजनक या विद्वेषी कार्य-परिवेश रचने वाले किसी भी आचरण को सहन नहीं कर सकते। हमारी कंपनी किसी भी प्रकार के उत्पीड़न को “बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करती” है। जब किसी सहकर्मी का आचरण हमें – या अन्य सहकर्मी – को असहज करता है, तो हम उसके बारे में बात करके खुद का और एक दूसरे का सम्मान करते हैं।

उत्पीड़न की रिपोर्ट करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए,
उत्पीड़न और हिंसा-रहित कार्य-स्थल (नीति 2.8) देखें।

हम सभी कर्मचारियों और आवेदकों को समान अवसर उपलब्ध कराते हैं।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

हम एक दूसरे की ज़िम्मेवारी लेते हैं और उत्तरदायी चुनाव करते हैं।

## कार्यस्थल हिंसा

Avery Dennison में, हम ऐसा कुछ करते या कहते नहीं जिससे

- किसी सहयोगी या किसी और की सुरक्षा को जोखिम हो
- कंपनी या व्यक्तिगत संपत्ति को नुक्सान पहुँचे, या
- भय पैदा हो।

हम सबको कार्य-स्थल पर सुरक्षित महसूस करने का अधिकार है, और हम अन्य व्यक्ति को जोखिम में डालने या हानि पहुँचाने वाली किसी भी घटना की तत्परता से रिपोर्टिंग द्वारा एक दूसरे की ज़िम्मेवारी लेते हैं।

## पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा

Avery Dennison में कार्यस्थल सुरक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। हममें से प्रत्येक न केवल स्वयं अपने स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए, बल्कि अपने सहयोगियों और कार्य परिवेश के लिए भी ज़िम्मेवार हैं। इसका तात्पर्य यह कि हम ज़िम्मेदारी से चयन करते हैं - ऐसे समय में भी जब ऐसा करना मुश्किल हो - और दुर्घटनाओं, चोट और असुरक्षित व्यवहार और परिस्थितियों की तुरंत रिपोर्ट करते हैं। सुरक्षित रूप से और क़ानून का पालन करते हुए अपना कार्य निष्पादित करने के लिए हरेक जिम्मेवार है।

पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (सिद्धांत 1.4) और कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा (नीति 2.5) में पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हमारी साझा ज़िम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया है।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

हम निष्कपट, सटीक और ईमानदार रहने के प्रति वचनबद्ध हैं।

### नशीले पदार्थों से मुक्त कार्य-स्थल

Avery Dennison नशीले पदार्थों से मुक्त कार्य-स्थल है। हम सबका दायित्व है कि कार्य पर रिपोर्ट करते समय - कंपनी परिसर में या बाहर - किसी ऐसी बात के प्रभाव से मुक्त रहें, जो हमें अपना कार्य सुरक्षित और प्रभावी तौर पर करने से रोके या हमें कमज़ोर बनाए।

पदार्थ का दुरुपयोग (नीति 2.7) स्पष्ट करता है कि कब और कैसे ड्रग और अल्कोहॉल परीक्षण किया जा सकता है।

### परिवारवाद रहित

हम रिश्तेदारों या किसी ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति निर्णय में शामिल नहीं होते हैं जिससे हमारा प्रेम संबंध है। जहां ये लोग हमारी कंपनी के लिए काम करते हैं, वे आमतौर पर हमारे “प्रभाव या नियंत्रण के क्षेत्र” में काम नहीं कर सकते हैं जिसका अर्थ है कि वे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हमें रिपोर्ट नहीं कर सकते हैं। जब हमारे रिश्तेदार या प्रेम संबंध वाला व्यक्ति कंपनी में नियुक्त होता है या होने वाला होता है, तो हम अपने प्रबंधक को इसकी सूचना देते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, परिवारवाद-विरोधी (नीति 2.16) देखें।

## कंपनी

### कारोबार और वित्तीय अभिलेख

हम सभी कंपनी अभिलेखों और सूचना में स्पष्ट, सटीक और ईमानदार रहने के प्रति वचनबद्ध हैं।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## सटीक खाते और अभिलेख

प्रभावी निर्णय लेने के लिए हमारे व्यावसायिक अभिलेखों की सटीकता महत्वपूर्ण है। सटीकता शेयरधारकों, सरकारों और कंपनी के बाहर अन्य हितधारकों के लिए भी महत्वपूर्ण है, जिन्हें हम रिपोर्ट करते हैं। हमारी बहियाँ और अभिलेखों में सभी व्यावसायिक लेन-देन उचित और सटीक रूप से प्रतिबिंबित होने चाहिए।

हम क़ानून तथा कंपनी के आंतरिक नियंत्रणों का पालन करते हैं। हम वित्तीय खातों, गुणवत्ता रिपोर्ट, समय अनुसूची, यात्रा और व्यय रिपोर्ट और अन्य सबमिशन (लाभ दावा फ़ार्म और रेज़्युमे) सहित किसी भी दस्तावेज़ में हेराफेरी नहीं करते हैं। हम सभी कंपनी दस्तावेज़ों पर इस तरह कार्रवाई करते हैं, जैसे कि एक दिन उनकी सार्वजनिक संवीक्षा की जाएगी। विनियामक प्राधिकरणों को जाने वाली सभी रिपोर्ट पूर्ण, निष्पक्ष और सटीक होती हैं।

## अभिलेख और सूचना प्रबंधन

कंपनी अभिलेखों का उचित प्रबंधन कालातीत सूचना के जोखिम को कम करते हुए, हमारी कंपनी के भीतर सूचना के महत्वपूर्ण प्रवाह को संरक्षित करता है। अभिलेखों का उपयोग होने तक ही हम उन्हें संभाल कर रखते हैं, जबतक कि कानून या अभिलेख अवधारण और संरक्षण (नीति 7.21) के तहत उन्हें आगे के लिए संभाल कर रखना आवश्यक न हो।

हम सभी कंपनी दस्तावेज़ों पर इस तरह कार्रवाई करते हैं, जैसे कि एक दिन उनकी सार्वजनिक संवीक्षा की जाएगी।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## परिसंपत्तियाँ और सूचना

हम कंपनी परिसंपत्तियों तथा सूचना का उचित रूप से उपयोग करते हैं। हम समझते हैं कि सूचना - हमारी हो या किसी और की - का उपयोग केवल क़ानूनी तौर पर और नैतिक रूप से होना चाहिए।

### कंपनी परिसंपत्तियों का संरक्षण और सही उपयोग

Avery Dennison की परिसंपत्तियाँ हमारे कारोबार के संचालन के लिए कंपनी की हैं, और वे व्यक्तिगत रूप से हमारी या कंपनी के बाहर किसी और की नहीं हैं। हम कंपनी निधि, उपकरण, उत्पाद, कर्मचारियों के कार्य उत्पाद, स्वामित्व सूचना, पेटेंट और ट्रेडमार्क सहित, इन परिसंपत्तियों कादुरुपयोग या अपव्यय नहीं करते हैं। हमें स्वाभाविक रूप से अज्ञात और अविश्वसनीय स्रोतों द्वारा धन या जानकारी के अनुरोधों को प्रति शंका में रहते हैं।

हम व्यावसायिक उपयोग के लिए कंप्यूटर, फ़ोन और इंटरनेट अभिगम सहित संचार और डेटा प्रबंधन प्रणालियों का अनुरक्षण करते हैं। हम निजी व्यवसाय, उद्यमी प्रयासों या गलत उद्देश्यों के लिए इनका या किसी अन्य कंपनी परिसंपत्ति का उपयोग नहीं करते हैं। हम उचित निजी उपयोग के लिए तबतक इंटरनेट और फ़ोन का उपयोग कर सकते हैं जबतक यह हमारे कर्तव्यों में हस्तक्षेप नहीं करता है।

हम कंपनी निधी, उपकरण, उत्पादों, कर्मचारी के कार्य उत्पाद, स्वामित्व जानकारी, पेटेंट और ट्रेडमार्क का दुरुपयोग या अपव्यय नहीं करते हैं।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## स्वामित्व जानकारी और बौद्धिक संपत्ति का संरक्षण

हमारी कंपनी में हमारे द्वारा बनायी या उपयोग की जाने वाली जानकारी गोपनीय है और हमें महत्वपूर्ण मूल्य प्रदान करती है। गलत या लापरवाही से होने वाला प्रकटन हमारी प्रतिस्पर्धी योग्यता को नुक्सान पहुँचा सकता है। अनुचित प्रकटन भी क़ानून का उल्लंघन हो सकता है। हम अपनी गोपनीय और स्वामित्व सूचना को सुरक्षित रखते हैं और केवल आवश्यक होने पर ही उसे साझा करते हैं। हम अपनी और अन्य लोगों द्वारा हमें सुपुर्द की जाने वाली जानकारी की गोपनीयता की सुरक्षा के लिए उचित सावधानियाँ बरतते हैं। कंपनी के साथ हमारे रोज़गार समाप्त होने के बाद भी इस सूचना के संरक्षण का हमारा दायित्व जारी रहता है। अधिक जानकारी के लिए गोपनीय और स्वामित्व सूचना का संरक्षण (नीति 7.13) से संदर्भ लें।

अपने कार्य के तहत, हम ऐसी सामग्री का निर्माण कर सकते हैं जो कंपनी की बौद्धिक संपत्ति बन जाए। हम सभी पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क सहित अपनी कंपनी की बौद्धिक संपत्ति की सुरक्षा करते हैं। अपने उत्पादों का निर्माण करने का विशिष्ट अधिकार देने के लिए हम अपने कंपनी अविष्कारों का पेटेंट कराते हैं। कॉपीराइट, अपने कार्य में हमारे द्वारा विकसित की जाने वाली लिखित सामग्रियों और प्रकाशनों को संरक्षित करते हैं। हमारा लोगो कंपनी के ट्रेडमार्क के रूप में संरक्षित प्रतीक का उदाहरण है। पेटेंट (नीति 7.16), कॉपीराइट (नीति 7.17) और ट्रेडमार्क (नीति 7.18) में अधिक विवरण उपलब्ध है।

हम गोपनीयता के संरक्षण के लिए समुचित सावधानी बरतते हैं।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## व्यक्तिगत गोपनीयता और निजी डेटा

सूचना-संरक्षण संबंधों के विश्वास का आधार है। हम अन्य लोगों की गोपनीयता का सम्मान करते हैं और व्यक्तिगत डेटा को संरक्षित करते हैं। इसमें हमारे पास उपलब्ध कर्मचारियों, ग्राहकों, उपभोक्ताओं या अन्य लोगों से संबंधित जानकारी शामिल है।

हमारी कंपनी के लिए व्यक्तिगत गोपनीयता और व्यक्तिगत डेटा का संरक्षण महत्वपूर्ण है। हम अपने कर्मचारियों, ग्राहकों या अन्य लोगों, बाहरी व्यक्ति जिनसे हमारा लेन-देन है या कंपनी के भीतर के वे लोग जिनको जानने की कोई वैध व्यावसायिक ज़रूरत न हो, के बारे में निजी जानकारी जारी नहीं करते हैं। विशिष्ट परिस्थितियों में, व्यक्तिगत सूचना जारी करना क़ानूनी हो सकता है। अगर आपको किसी कर्मचारी, ग्राहक, या अन्य व्यावसायिक सहयोगी की व्यक्तिगत जानकारी के लिए अनुरोध प्राप्त होता है, तो उस अनुरोध को मानव संसाधन प्रतिनिधि को भेज दें। डेटा गोपनीयता संरक्षण से संबंधित सिद्धांतों को IT सुरक्षा, कर्मचारी जानकारी का प्रकटन (नीति 2.11), यूरोपीय संघ डेटा संरक्षण नीति जैसे विविध उपायों के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।

हम अन्य लोगों की गोपनीयता का सम्मान करते हैं और व्यक्तिगत डेटा को संरक्षित करते हैं।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

आप + कार्य-स्थल नीतियाँ संदर्भ


| | |
|---|---|
| सिद्धांत 1.1 | क़ानूनी और नैतिक आचरण |
| सिद्धांत 1.4 | पर्यावरणीय संरक्षण, स्वास्थ्य और सुरक्षा |
| नीति 2.1 | समान रोज़गार अवसर और सकारात्मक कार्रवाई |
| नीति 2.5 | कर्मचारी स्वास्थ्य और सुरक्षा |
| नीति 2.6 | धूम्रपान रहित कार्य-स्थल |
| नीति 2.7 | पदार्थ का दुरुपयोग |
| नीति 2.8 | उत्पीडन और हिंसा-मुक्त कार्य-स्थल |
| नीति 2.11 | कर्मचारी सूचना का प्रकटन |
| नीति 2.15 | अप्रतिशोध |
| नीति 2.16 | परिवारवाद रहित |
| नीति 3.4 | आंतरिक नियंत्रण |
| नीति 4.3 | कंपनी संपत्ति और परिचालनों का संरक्षण |
| नीति 7.10 | भेदिया व्यापार |
| नीति 7.13 | गोपनीय और स्वामित्व जानकारी का संरक्षण |
| नीति 7.14 | डेटा प्रबंधन और संचार प्रणालियाँ |
| नीति 7.16 | पेटेंट |
| नीति 7.17 | कॉपीराइट |
| नीति 7.18 | ट्रेडमार्क |
| नीति 7.20 | क़ानूनी और नैतिक मामलों की रिपोर्टिंग तथा छान-बीन |
| नीति 7.21 | अभिलेख प्रतिधारण और संरक्षण |


## अन्य लोगों की गोपनीय जानकारी

हम अन्य कंपनियों की गोपनीय सूचना का भी ध्यान रखते हैं। हम इस सूचना के साथ अपनी निजी सूचना के समान ही व्यवहार करते हैं और उसका उपयोग केवल उसी उद्देश्य के लिए करते हैं जिसके लिए हमारे सामने प्रकट किया गया था। हम बिना प्राधिकरण के अन्य कंपनियों की गोपनीय सूचना को अधिकार में रखना, उपयोग करना या उससे लाभ उठाना नहीं चाहते हैं। इसमें शामिल है कर्मचारी द्वारा उनके कार्यक्षेत्र की गुंजाइश से बाहर किसी पूर्व नियोजन या क्रियाकलाप के ज़रिए प्राप्त गोपनीय सूचना।

## भेदिया व्यापार

कभी कभी, हमारे कार्य के तहत, हम कंपनी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी के बारे में जानते हैं जो सार्वजनिक रूप से ज्ञात नहीं है। इस प्रकार की जानकारी के उदाहरण में महत्वपूर्ण पूंजी प्रोजेक्ट, मुकदमे से संबंधित जानकारी, तकनीकी उन्नति या नए उत्पाद या अभिग्रहण और भंडाफोड़ शामिल है। इस "सामग्री गैर-सार्वजनिक जानकारी" के आधार पर कंपनी स्टॉक की ट्रेडिंग करना – या अन्य लोगों को ये जानकारी प्रदान करना ताकि वे ऐसा कर सकें – भेदिया व्यापार कहलाता है। भेदिया व्यापार ग़ैर-क़ानूनी है। यह बाज़ार को विकृत करता है और विश्वास को तोड़ता है। शेयर या अन्य प्रतिभूतियों में व्यापार के उद्देश्य से हम वित्तीय या अन्य गोपनीय सूचना का उपयोग नहीं करते हैं या परिवार के सदस्यों या अन्य लोगों के सामने इसका प्रकटन नहीं करते। अधिक जानकारी के लिए भेदिया व्यापार (नीति 7.10) से संदर्भ लें।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# प्र एवं उ

## आप + कार्य-स्थल

### आपके बारे में

**जब कोई हमारी संहिता का उल्लंघन करता है तो क्या होता है**
कंपनी द्वारा जाँच-पड़ताल की जाती है और, जब कभी संभव हो, कर्मचारियों को उनके व्यवहार को सुधारने और अनुभव से सीखने में मदद दी जाती है। उल्लंघन की प्रकृति के आधार पर, कर्मचारी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी तक शामिल हो सकती है।

**मैं संहिता का उल्लंघन नहीं करना चाहता/चाहती थी, लेकिन मुझे बाद में पता चला कि मैंने ऐसा किया है। यदि मैं अपने प्रबंधक को बताऊँ, तो क्या मैं मुसीबत में फसूँगा/फसूँगी?**
संहिता को पढ़ने और कॉर्पोरेट नीतियों को समझने में समय और ध्यान लगाकर अधिकांश ग़लतियों को रोका जा सकता है। लेकिन ग़लतियाँ होती हैं, और यह हमेशा बेहतर होता है कि जैसे ही आपको एहसास हो, अपने प्रबंधक से कहें ताकि मामले का समाधान ढूँढा जा सके।

**मैं क़ानूनी विभाग से एक निर्णय पर परामर्श लेना चाहता हूँ, पर क्या उससे मामलों में देरी नहीं होगी?**
इसमें शुरूआत में ही कानून विभाग को शामिल करना प्रमुख है; अगर उन्हें शुरुआती चरणों में शामिल किया जाता है तो प्रक्रिया तेज़ हो जाती है।

**यदि स्थानीय क़ानून, संहिता के साथ असंगत लगे तो मुझे क्या करना चाहिए?**
विरले ही ऐसी स्थिति सामने आती है। यदि ऐसा हो, तो क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

### आपके सहयोगियों के बारे में

**यदि मैं अब सुरक्षा मामले को सामने रखूँ, तो वह उत्पादन को धीमा कर देगा, हम अपनी अंतिम तिथि को पार कर जाएँगे। मैं नहीं चाहता कि मेरा सुपरवाइज़र मुझसे खफ़ा हो। मुझे क्या करना चाहिए?**
अंतिम तिथियाँ महत्वपूर्ण हैं, लेकिन स्वास्थ्य और सुरक्षा सर्वोपरि हैं। हम सभी इस प्राथमिकता के प्रति वचनबद्ध हैं। कंपनी चाहती है कि आप समस्याओं को तत्काल उजागर करें, भले ही इससे उत्पादन की गति धीमी हो, अंतिम तिथि पार कर जाएँ या व्यावसायिक अवसर को खो दें।

**मुझे लगता है कि मेरे सहयोगी को ड्रग की समस्या है। यदि मैं उसके बारे में रिपोर्ट करता हूँ, तो क्या उसे नौकरी से निकाल दिया जाएगा?**
ज़रूरी नहीं कि ऐसा हो। Avery Dennison मानती है कि शराब और ड्रग की आदत का इलाज किया जा सकता है। मानव संसाधन और हमारा कर्मचारी सहयोग कार्यक्रम, कर्मचारियों को दुरूपयोग से बचने में मदद करता है। लेकिन जो कर्मचारी कार्य-स्थल पर ड्रग का उपयोग करते हैं या अल्कोहॉल से प्रभावित हैं उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी ताकि Avery Dennison में सब सुरक्षित रहें।

### कंपनी के बारे में

**तथ्यतः "गोपनीय सूचना" क्या है?**
गोपनीय सूचना ऐसी कोई भी सूचना है जिसे कंपनी ने प्रकट नहीं किया है या सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराया है। आविष्कारों, संविदाओं, मूल्य-निर्धारण, नए उत्पादों, प्रोटोटाइप, प्रस्तावों, वित्तीय डेटा, व्यवसाय योजनाओं या रणनीतियों और कर्मचारियों के बारे में जानकारी कुछ उदाहरण हैं। अन्य में कॉर्पोरेट अर्जन रिपोर्ट या पूर्वानुमान शामिल हैं, जो सार्वजनिक नहीं किए गए हैं,
शोध और विकास परिणाम या अन्य कंपनियों के साथ हमारी कंपनी के संबंधों के बारे में जानकारी।

**क्या Avery Dennison मेरे कंपनी ई-मेल को पढ़ता या मेरे वॉइस-मेल को सुनता है?**
नियमानुसार कंपनी आपके व्यावसायिक संप्रेषणों पर निगरानी नहीं रखती है। लेकिन Avery Dennison कंपनी सिस्टमों के ज़रिए गुज़रने वाली सूचना की निगरानी कर सकता है, इसमें ई-मेल, वॉइस-मेल, इंटरनेट ब्राउज़र, आंतरिक सामाजिक मीडिया संप्रेषण और कंप्यूटर हार्ड ड्राइव शामिल हैं, जिन्हें स्थानीय क़ानून ने अनुमत किया हो।



# आप + बाज़ार

आपके द्वारा चुने जाने वाले विकल्प
हमारे भविष्य को आकार देते हैं।

## आप दुनिया को दिखा सकते हैं कि नैतिक व्यापार अच्छा व्यापार है। आपका नैतिक नेतृत्व आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक साझेदारों के साथ हमारे संबंधों में सामंजस्य स्थापित करता है। कंपनी के हितों को अपने हितों से आगे रखकर, हमारे सभी व्यावसायिक साझेदारों के साथ न्यायसंगत व्यवहार करके और नैतिक आचरण की अपेक्षा की स्थापना द्वारा, आप स्पष्ट कर देते हैं कि हम वही करते हैं जो सही है।

### आपूर्तिकर्ता और साझेदार

#### हितों में टकराव

आपकी कार्रवाइयाँ महत्व रखती हैं। जिस प्रकार आप कार्य-स्थल पर संभाव्य हितों के टकराव से संचालित होते हैं, आपके विकल्प हमारे भविष्य को आकार देते हैं। कभी-कभी, आप तत्काल संभाव्य टकराव को पहचान सकते हैं: उदाहरण के लिए, आपके भाई उस कंपनी के स्वामी हैं जिस पर Avery Dennison आपूर्तिकर्ता के रूप में विचार कर रहा है। मगर तब भी जब टकराव उतना स्पष्ट न हो - या उस समय जब लगे कि हितों में टकराव हो सकता है - तो आप किस तरह उससे निबटना चाहेंगे, यह आपकी और साथ ही कंपनी की प्रतिष्ठा को प्रभावित करेगा।

ऐसी कोई भी परिस्थिति जिसमें आपके पेशेवर निर्णय को प्रभावित करने जोखिम होता है या जिससे यह लग सकता है कि आपका पेशेवर निर्णय प्रभावित हो सकता है, ऐसा हित संघर्ष है जिसका प्रकटन आपको करना चाहिए। व्यावसायिक निर्णयों में, हम सभी का दायित्व है कि कंपनी के हित को अपने व्यक्तिगत हितों से आगे रखें। किसी भी संभावित हित संघर्ष का प्रकटन अपने प्रबंधक या कानून विभाग से और वर्षिक अनुपालन प्रमाणीकरण में करें।

सिंहावलोकन
हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है
मदद पाना
आप + कार्य-स्थल
आप + बाज़ार
आप + विश्व
संहिता को लागू करना
केस स्टडी

**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

हम ऐसे संबंधों से बचने की सावधानी बरतेंगे जो Avery Dennison की ओर से व्यापार संचालित करते समय हमारे फ़ैसले को प्रभावित करे।

## निवेश और व्यावसायिक संबंध

हम ऐसे संबंधों से बचने की सावधानी बरतेंगे जो Avery Dennison की ओर से व्यापार संचालित करते समय हमारे फ़ैसले को प्रभावित करे या प्रभावित करने जैसा प्रतीत हो। सामान्यतः हमें कंपनी के साथ व्यक्तिगत रूप से कारोबार या प्रतिस्पर्धा नहीं करनी चाहिए, और न ही हमारी कंपनी के साथ व्यापार या प्रतिस्पर्धा करने वाली किसी भी कंपनी के किसी भी "हित" में हमारा स्वामित्व होना चाहिए। "हित" से तात्पर्य कंपनी के कुल स्वामित्व का कम से कम एक प्रतिशत, या $100,000 या उससे अधिक बाज़ार मूल्य के साथ निवेश से है। यही बात हमारे नज़दीकी रिश्तेदारों के लिए भी लागू होती है। ऐसे हित कुछ परिस्थितियों में अनुमत किए जा सकते हैं लेकिन केवल अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, जैसा कि हितों में टकराव (नीति 7.12) बताया गया है।

## उपहार, भोजन और मनोरंजन

हालांकि कई व्यावसायिक संबंधों में परस्पर उपहार, भोजन और मनोरंजन का आदान-प्रदान आम बात है, पर हम उपस्थिति से भी बचने के प्रति सावधान हैं क्योंकि ये व्यावसायिक लेन-देन को अनुचित रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

उपहार देने के रिवाज़ और उपहार नीति थ्रेशोल्ड अलग अलग क्षेत्र और ग्राहकों के प्रकारों के बीच भिन्न हो सकते हैं। लेकिन, स्थानीय रिवाज़ को छोड़कर, हम कानून विभाग की अनुमति के बिना किसी भी सरकारी अधिकारी को कोई भी मूल्यवान चीज़ नहीं देते या ऑफ़र करते हैं। हम भी कोई ऐसे उपहार, भोजन, मनोरंजन या मूल्यवान वस्तु को स्वीकार नहीं करते, जो समुचित रूप से हमारे व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित करने वाला माना जाए। यदि हमें कोई ऐसा उपहार ऑफ़र, भोजन, या मनोरंजन ऑफ़र किया जाता है, तो जल्द से जल्द कानून विभाग को इसकी रिपोर्ट करते हैं।

यह एक जटिल मामला है। पूरी चर्चा के लिए हितों में टकराव (नीति 7.12) देखें।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## दूसरी नौकरियाँ

हम अपनी नौकरियों को हमारा प्राथमिक फ़ोकस बनाकर Avery Dennison के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। हम यदि कंपनी और दूसरे कामों के बीच अपना समय और शक्ति विभाजित न करें तो हम अधिक प्रभावी होंगे। यदि ऐसी परिस्थितियाँ उत्पन्न होती हैं जिनमें दूसरी नौकरी आवश्यक हो जाती है, तो अपने पर्यवेक्षक को सूचित करें, जो पूर्व अनुमोदन लेने के लिए अनुषंगी रोज़गार (नीति 2.12) में दी गई प्रक्रियाओं का पालन करेगा। यदि आपको वार्षिक अनुपालन प्रमाणीकरण पूरा करने के लिए कहा जाता है, तो अपने किसी भी अनुषंगी रोज़गार का खुलासा करें।

यदि हमारे पास दूसरी नौकरी हो, तो हम यह सुनिश्चित करने प्रति सावधान रहें कि वह Avery Dennison में हमारी कार्यक्षमता, उपस्थिति या कार्य निष्पादन के साथ हस्तक्षेप न करें। हम किसी मुद्रण व्यवसाय, चेपदार उत्पाद कारोबार या कंपनी की व्यावसायिक इकाई के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाले या खरीद या बेचने वाले किसी कारोबार में बाहरी नौकरी भी स्वीकार नहीं करते हैं।

## कॉर्पोरेट अवसर

हम ऐसे व्यावसायिक अवसर अपने लिए नहीं लेते हैं, जो न्यायसंगत रूप से Avery Dennison के हैं। यदि हम Avery Dennison के माध्यम से व्यावसायिक अवसर खोजते हैं - चाहें कंपनी की संपत्ति, सूचना या फिर पद के ज़रिए - हम कंपनी के समुचित क्षेत्र में उन अवसरों का हवाला देते हैं। कंपनी से प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रतिस्पर्धा न करके, हम क़ानूनी और नैतिक आचरण (सिद्धांत 1.1) तथा हितों में टकराव (नीति 7.12) के अनुसार, यथा संभव, Avery Dennison के कारोबार हितों को बढ़ावा देने का अपना कर्तव्य निभाते हैं।

हम अपनी नौकरियों को हमारा प्राथमिक फ़ोकस बनाकर Avery Dennison के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हैं।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

हमारे आपूर्तिकर्ता, Avery Dennison का हिस्सा हैं, अतः हमारी कोशिश रहती है कि वे भी उन्हीं नैतिक मानकों को अपनाएँ जिनका हम पालन करते हैं।

### आपूर्तिकर्ता मानक

व्यापक रूप से, हमारे आपूर्तिकर्ता, Avery Dennison की संस्कृति का हिस्सा हैं, अतः हमारी कोशिश रहती है कि वे भी उन्हीं नैतिक मानकों को अपनाएँ जिनका हम पालन करते हैं। वे Avery Dennison के वैश्विक आपूर्तिकर्ता मानकों से बद्ध हैं, जिसमें वे उत्तम आचरण और नैतिक व्यवहार वर्णित हैं जिनकी हम अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा रखते हैं।

हमारी पूरी कोशिश करते हैं कि आपूर्तिकर्ता सुनिश्चित करें कि उप-ठेकेदार जो हमें माल और सेवा देते हैं, वे भी इन मानकों को पूरा करते हैं, जिनमें शामिल महत्वपूर्ण बिंदु हैं:

- हम अपने आपूर्तिकर्ताओं को बाल श्रमिकों या बेगार की अनुमति नहीं देते हैं।
- हम आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षा रखते हैं कि वे कर्मचारियों को सुरक्षित और स्वस्थ कार्य-स्थल उपलब्ध कराएँ और सभी स्थानीय पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और सुरक्षा क़ानूनों का अनुपालन करते हुए प्रचालन करें।
- हम अपने कारोबार व्यवस्थाओं के साथ जुड़े किसी भी प्रकार की रिश्वत, घूस या व्यक्तिगत अदायगी की अनुमति नहीं देते हैं।

## ग्राहक और बाज़ार

### बिक्री और विपणन

हम बिक्री के लिए अपने उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता पर निर्भर करते हैं, अनैतिक दाँवपेंच पर नहीं। तात्पर्य यह कि

- हम अपने उत्पाद और सेवाएँ ईमानदारी से बेचते हैं।
- हम भ्रामक या कपटपूर्ण विपणन व्यवहारों में लिप्त नहीं होते हैं।
- हम अपने प्रतियोगी या उनके उत्पादों के बारे में कोई झूठा कथन नहीं करते हैं।
- यदि हम पाते हैं कि हमने भ्रामक प्रभाव छोड़ा है, तो हम उसे सुधारते हैं।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## बाज़ार में न्यायसंगत लेन-देन

हम सभी वाणिज्यिक पक्षों के साथ न्यायोचित ढंग से व्यापार करते हैं। हम चोरी, धोखेबाज़ी, मिथ्या-निरूपण, या अन्य किसी ग़ैर-क़ानूनी या अवैध आचरण द्वारा किसी का भी - जिसमें प्रतिस्पर्धी भी शामिल हैं - लाभ नहीं उठाते हैं। हम अनुबंध या अन्य व्यावसायिक लेन-देन की सुपुर्दगी को प्रभावित करने के लिए कोई पैसा या मूल्यवान चीज़ देते या लेते नहीं हैं।

## प्रतिस्पर्धात्मक समझ

हम अपने प्रतियोगियों का सम्मान करते हैं, और हम उनकी बौद्धिक संपत्ति का उसी तरह ध्यान रखते हैं जैसे कि खुद अपना। हम अपने प्रतियोगियों के बारे में सूचना एकत्रित, साझा और उपयोग कर सकते हैं, पर हम ऐसा क़ानूनी और नैतिक रूप से करते हैं। उदाहरण के लिए, हम सरकारी एजेंसियों के पास सार्वजनिक रूप से उपलब्ध फ़ाइलों, कंपनी कार्यपालकों द्वारा दिए गए सार्वजनिक भाषणों, वार्षिक रिपोर्टों और प्रकाशित लेखों से सूचना एकत्रित और उनका उपयोग कर सकते हैं। हम ऐसी कोई प्रतिस्पर्धात्मक सूचना को स्वीकार, साझा या उसका उपयोग नहीं करते हैं, जिसे हमारे अनुसार अनुचित रूप से उसे एकत्रित या प्रकट किया गया है।

हम अपने प्रतियोगियों का सम्मान करते हैं, और हम उनकी बौद्धिक संपत्ति का उसी तरह ध्यान रखते हैं जैसे कि खुद अपना।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वार्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

आप + बाज़ारनीतियाँ संदर्भ


| | |
|---|---|
| सिद्धांत 1.1 | क़ानूनी और नैतिक आचरण |
| सिद्धांत1.2 | परिसंपत्तियाँ संबंधी कर्मचारी दायित्व |
| नीति 2.12 | अनुषंगी रोज़गार |
| नीति 7.9 | अविश्वास अनुपालन |
| नीति 7.12 | हितों में टकराव |


## प्रतियोगिता

हम हमेशा अविश्वास कानूनों का पालन करते हैं, जो बाज़ार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देते हैं और जिनके अनुसार प्रतिस्पर्धियों को समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करनी होती है। यदि हम किसी ऐसे प्रतिस्पर्धी के साथ अनुबंध करते हैं – चाहे स्पष्टतया हो या चाहे हमारे कार्यों के चलते अंतर्निहित – जो प्रतिस्पर्धा को प्रतिबंधित करता है या अनुचित ढंग से व्यापार को नियंत्रित करता है, तो अविश्वास कानून का उल्लंघन हो सकता है। मूल्य निर्धारित करने, ग्राहक या क्षेत्र आवंटित करने, संविदा बोलियों को संयोजित करने (जिसे "बोली की हेराफेरी" कहते हैं), उत्पादन क्षमता सीमित करने या आपूर्तिकर्ता या ग्राहक संबंधों को अस्वीकार करने की सहमति प्रतिस्पर्धियों को न दें – ये गतिविधियां प्रतिस्पर्धा को रोकती हैं और गैर-कानूनी हैं।

हमारे प्रतिस्पर्धियों के साथ अनुचित समझौतों की प्रतीति भी हमारी प्रतिष्ठा को नुक्सान पहुँचा सकती है, अतः हम अपने प्रतियोगियों के साथ निम्न में से किसी पर चर्चा नहीं करते हैं:

- मूल्य निर्धारण,
- बिक्री के नियम और शर्तें,
- ग्राहकों या क्षेत्रों का आवंटन, या
- प्रतिस्पर्धा को प्रभावित करने वाला अन्य कोई विषय।

हमारी कंपनी में एक व्यावसायिक इकाई के कुछ ग्राहक हैं जो उसी व्यावसायिक इखाई या भिन्न व्यावसायिक इकाई के प्रतिस्पर्धी हैं। उन ग्राहकों से डील करने के बारे में मार्गदर्शन के लिए कानून विभाग से संपर्क करें।

प्रतिस्पर्धियों के साथ सहभागिता करने में अविश्वास कानूनों के उल्लंघन के जोखिम के चलते, हम कानून विभाग के पूर्व अनुमोदन के बिना व्यापार एसोसिएशन में भागीदारी नहीं करते हैं।

यह विषय जटिल है। प्रारंभिक बिंदु के रूप में, अविश्वास अनुपालन (नीति 7.9) और वह आपके लिए क्या मायने रखता है, से परिचित हों। इसके अतिरिक्त, कर्मचारियों को वेब-आधारित प्रशिक्षण समय समय पर उपलब्ध कराया जाता है। अविश्वास या अनुचित प्रतिस्पर्धी चिंताओं का मूल्यांकन करने और उनसे निपटने के लिए प्रतिस्पर्धियों से बाद करने से पहले कानून विभाग से परामर्श लें।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# प्र एवं उ

## आप + बाज़ार

### आपूर्तिकर्ता और साझेदार

**वस्तुतः "हितों में टकराव" क्या है?**
हितों में टकराव तब होता है जब आपके निजी हित (जो आपके या आपके मित्र या निकट संबंधी के लिए व्यक्तिगत रूप से सर्वोत्तम हो) Avery Dennison के लिए सर्वोत्तम से अलग हो, या अलग प्रतीत हो। उदाहरण के लिए, यदि आपको अपने काम के सिलसिले में उड़ान भरनी है, तो आपके लिए ऐसे एयरलाइन में बुक करना सर्वोत्तम होगा जो आपको अतिरिक्त हवाई यात्रा का लाभ देती है। लेकिन एक अलग एयरलाइन में कम खर्चीली फ़्लाइट उपलब्ध हो सकती है, और इसलिए कंपनी के लिए वह बेहतर हो सकती है।

**हितों के टकराव के मामले में, निकट संबंधी कौन है?**
हमारे लिए पति/पत्नी, घरेलू भागीदार, माता-पिता, नाना-नानी, दादा-दादी, सास-ससुर, बच्चे, पोता-पोती, नाता-नातिन, भाई, बहन, जीजा या भाभी निकट संबंधी हैं, भले ही वे एक ही घर में न बसे हों।

### ग्राहक और बाज़ार

**क्या मैं ग्राहक से पूछ सकता/सकती हूँ कि वे ऐसे उत्पाद के लिए कितनी क़ीमत चुका रहे हैं जिसकी हम आपूर्ति करने की कोशिश कर रहे हैं?**
हाँ।

**यदि ग्राहक हमारे प्रतियोगी की क़ीमत बताता है, तो क्या मैं कम दाम की पेशकश कर सकता/सकती हूँ?**
शायद। आप हमेशा अपने प्रतियोगी की क़ीमत के समकक्ष जा सकते हैं, लेकिन कम दाम की पेशकश क़ानूनन अनुमत नहीं। यह परिस्थितियों पर निर्भर करता है, इसमें यह भी शामिल है कि क्या आप कम दाम की पेशकश सभी ग्राहकों के लिए कर रहे हैं। परिस्थिति में मदद के लिए क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

**मैं व्यापार मेलों में अपने ऐसे प्रतियोगियों के साथ किस प्रकार चर्चा कर सकता हूँ, जो हमारे ग्राहक या आपूर्तिकर्ता भी हैं?**
सावधानीपूर्वक। जहाँ तक संभव हो अपनी चर्चा को सीमित रखें और उन्हें अपनी व्यावसायिक इकाई के खरीदी या बिक्री संबंध तक ही सीमित करें। ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली किसी अन्य व्यावसायिक इकाई को प्रभावित करने की कोशिश न करें। प्रतियोगियों के साथ अहानिकर वार्तालाप भी अविश्वास क़ानूनों का उल्लंघन कर सकता है। ऐसे व्यापार मेलों में भाग लेने से पूर्व क़ानूनी विभाग से परामर्श लें, जहाँ ग्राहक या आपूर्तिकर्ता प्रतियोगी भी हैं।

# आप + विश्व



हम ऐसे अनुप्राणित जगत की रचना का प्रयास कर रहे हैं जिसमें हम रहना चाहते हैं और जिसे भावी पीढ़ियों के लिए छोड़ना चाहते हैं।

**Avery Dennison एक वैश्विक कंपनी है, और हम अच्छे विश्व नागरिक बने रहने के प्रति वचनबद्ध हैं। सीमाओं के पार, हम प्रत्येक भेंट से अपनी प्रतिष्ठा का निर्माण करते हैं, सरकार के साथ लेन-देन से लेकर साझा पेशेवर हित के ज़रिए ऑनलाइन मिलने वाले किसी भी व्यक्ति तक। हमारे नैतिक मानकों के रूप में हम सभी संस्कृतियों का सम्मान करते हैं। एक साथ, हम ऐसे उत्प्रेरित जगत की रचना का प्रयास करते हैं, जिसमें हम रहना चाहें और भावी पीढ़ियों के लिए पीछे छोड़ जाएँ।**

## वैश्विक पदचिह्न

### धारणीयता

Avery Dennison में, हम विश्वस्त आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय व्यवहारों के ज़रिए धारणीय व्यावसायिक सफलता हासिल करने में विश्वास रखते हैं जो पूरी दुनिया में स्वस्थ समुदायों के निर्माण में सहायक हों। हम अपने द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों में संवहनीयता को एकीकृत करना चाहते हैं। हमरा उद्देश्य ऐसी व्यावसायिक गतिविधियों को संतुलित करना है जो हमारे समुदायों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाकर और विश्व के प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करके हमारे अंशधारकों, ग्राहकों और कर्मचारियों लाभ पहुँचाती हैं। सतत सुधार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, हम ऐसे सामाजिक सुधार कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शेयरधारक मूल्य को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जिनका वास्तविक प्रभाव हो और जो हमारे पर्यावरण के जिम्मेवार प्रबंधन को क़ायम रखे।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

घटाएँ।

सुरक्षा करें।

परिरक्षण करें।

## पर्यावरण

हम अपने विनिर्माण परिचालनों, आपूर्ति श्रृंखला और उत्पाद विकास में विश्वस्त पर्यावरणीय व्यवहार के प्रति वचनबद्ध हैं। हम अपनी प्रक्रियाओं के ऊर्जा सामर्थ्य में सुधार हेतु योजनाओं के कार्यान्वयन, पौधा-घर गैस उत्सर्जन तथा जनित अपशिष्ट की कमी, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों के निर्माण व प्रवर्धन और हमारे प्राकृतिक संसाधनों के परिरक्षण द्वारा अपनी व्यावसायिक गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव के संचालन और शमन का प्रयास कर रहे हैं। हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम बनाए हैं कि पर्यावरणीय विनियमों का प्रभावी रूप से संचार किया जाए, उन्हें समझा जाए और उनका पालन किया जाए।

पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य और सुरक्षा (नीति 1.4) और पर्यावरण संरक्षण तथा अनुपालन (नीति 4.2) पर्यावरण संरक्षण, मानव जीवन की सुरक्षा और सुरक्षित उत्पादों के निर्माण के प्रति हमारे वचन को रेखांकित करते हैं।

## समुदाय और सामाजिक दायित्व

आपकी जागरूकता और परवाह से Avery Dennison उन समुदायों, जहाँ हम परिचालित करते हैं, और साथ ही वैश्विक समुदाय का विश्वसनीय सदस्य बन पाता है। हम अनुकरणीय कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में पहचान बनाना चाहते हैं - हमारे समुदायों में सक्रिय; कर्मचारी विविधता, विकास, स्वास्थ्य और सुरक्षा तथा वैश्विक श्रम मानकों के प्रति वचनबद्ध; और हमारे द्वारा परिचालन किए जाने वाले विकसित बाज़ारों और साथ ही विकासशील बाज़ारों, दोनों में समाज के प्रति योगदान देते हुए। हमारे संवहनीयता प्रयास और लक्ष्यों के बारे में हमारी द्विवार्षिक संवहनीयता रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है, जो हमारी कॉर्पोरेट वेबसाइट पर उपलब्ध है।

Avery Dennison नागरिक, परोपकारी और लोकहितैषी संगठनों में व्यक्तिगत सदस्यता को बढ़ावा देता है। परोपकारी अंशदान (नीति 6.7) स्पष्ट करता है कि कंपनी किस तरह परोपकारी अंशदान करती है।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वार्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## सरकारें

### व्यापार अनुपालन

विश्व की विभिन्न सरकारों ने ऐसे व्यापार नियंत्रणों को स्थापित किया है, जो कुछ विशेष देशों और पक्षों के साथ लेन-देन और राष्ट्रीय सीमाओं के आर-पार माल के संचालन को प्रतिबंधित करते हैं। हम अपने कारोबार के लिए लागू सभी व्यापार नियंत्रणों का पालन करते हैं और निषिद्ध पक्षों के साथ कारोबार या प्रतिबंधित वस्तुओं का आयात या निर्यात न करने के प्रति सावधानी बरतते हैं। अमेरिकी कंपनी होने के नाते हमें सभी अमेरिकी व्यापार कानूनों का पालन करना चाहिए। हम उन स्थानों के लागू होने वाले कानूनों का भी पालन करते हैं, जहां हम व्यवसाय करते हैं।

इस क्षेत्र के क़ानून जटिल हैं और लगातार परिवर्तित होते रहते हैं। यदि कंपनी की किसी व्यापार गतिविधि के संबंध में कोई चिंता हो तो निर्यात प्रतिबंध (नीति 7.22) और वैश्विक व्यापार प्रबंधन या क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

हम अमेरिका के मित्र राष्ट्रों के प्रति निर्देशित किसी अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार में भी भाग नहीं लेते हैं। हम बहिष्कृत देश के साथ या देश में कारोबार करने की मनाही या बहिष्कृत कंपनी या देश को बहिष्कार-संबंधी सूचना (उदाहरण के लिए, जाति, धर्म, राष्ट्रीय मूल या बहिष्कार अनुपालन) उपलब्ध कराने के किसी अनुरोध के प्रति भी सहमत नहीं होंगे। हम अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार (नीति 7.11) के तहत क़ानूनी विभाग को सभी बहिष्कार-संबंधी अनुरोधों की रिपोर्ट करते हैं।

एक अमेरिकी कंपनी के रूप में जहाँ भी हमारा कारोबार हो, हमें सभी अमेरिकी व्यापार नियंत्रणों का पालन करना होगा।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## रिश्वतखोरी और भ्षचार

व्यावसायिक लाभ लेने के लिए किसी सरकारी अधिकारी या किसी अन्य तृतीय पक्ष की कार्रवाई को प्रभवित करने के लिए कोई मूल्यवान चीज़ ऑफ़र करना या देना रिश्वतखोरी होता है। रिश्वतखोरी बहुत से देशों में गैरकानूनी है। नकदी, नकदी समकक्ष, भविष्य में रोज़गार का वायदा और महंगे उपहार या मनोरंजन ऐसी मूल्यवान चीज़ों का उदाहरण हैं जिन्हें दिए जाने या ऑफ़र किए जाने पर रिश्वत माना जा सकता है।

हम अपने काम के आधार पर व्यवसाय प्राप्त करते हैं, न कि अधिकारियों या अपने साथ व्यवसाय करने वालों को रिश्वत देकर या भ्रष्टाचार करके। इसका तात्पर्य यह भी है कि हम सरकारी अधिनियम को प्रभावित करने के लिए किसी सरकारी अधिकारी को कभी किसी मूल्य की पेशकश नहीं करते, जिनमें शामिल हैं:

- परमिट जारी करना,
- बेहतर कर या सीमा-शुल्क अभिक्रिया प्राप्त करना, या
- क़ानून के प्रवर्तन से बचना

हम कभी भी रिश्वत देने के लिए, उप-ठेकेदार, परामर्शदाता या एजेंट जैसे तृतीय पक्ष का उपयोग नहीं करते हैं। अनुचित व्यवहार के आभास से भी बचने के लिए, सरकारी प्राधिकारियों को कोई व्यावसायिक सौजन्य या किसी प्रकार का उपहार देने से पहले क़ानूनी विभाग से परामर्श लें।

विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम (FCPA), आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD), अंतर्राष्ट्रीय व्यापार लेन-देन में विदेशी प्राधिकारियों को रिश्वत से निपटने के समझौते और ब्रिटेन घूसखोरी अधिनियम जैसे क़ानून और विनियमों की संख्या और पेचीदगी बढ़ रही है। आप इन क़ानूनों और किस तरह ये हमारे विश्वव्यापी परिचालनों को प्रभावित करते हैं, से संबंधित अधिक जानकारी क़ानूनी और नैतिक आचरण (नीति 1.1) में पा सकते हैं।

हम अपने कार्य की श्रेष्ठता के आधार पर व्यवसाय हासिल करते हैं।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

व्यक्तिगत कामकाजों में भी, सामाजिक मीडिया का आवेष्टन कंपनी के प्रति हमारी बाध्यताओं के साथ सुसंगत होना चाहिए।

### सरकारी पूछताछ और जाँच-पड़ताल

हम सूचना के लिए किसी भी सरकारी अनुरोध के साथ पूरी तरह सहयोग करते हैं। हम अनुरोध किया जाने पर सरकार को सच्ची, संपूर्ण और सटीक सूचना उपलब्ध कराते हैं। हम सरकारी जाँच-पड़ताल के प्रति प्रतिक्रिया (नीति 7.8) में विस्तृत प्रक्रियाओं का पालन करते हैं और सूचना के लिए किसी भी सरकारी अनुरोध को तत्परता से क़ानूनी विभाग को सूचित करते हैं। कानूनी विभाग अनुरोधों को संयोजित करता है और सटीक व पूर्ण उत्तर प्रदान कराते हुए सुनिश्चित करता है कि Avery Dennison के अधिकार सुरक्षित रहें।

## मीडिया

### सामाजिक मीडिया

Avery Dennison कर्मचारियों के रूप में हमारी साझा पहचान है, लेकिन हम अपने स्वयं के विचार, राय और हितों वाले व्यक्ति भी हैं। कार्य से बाहर, हो सकता है कि हम ब्लॉग करते हों, सोशल नेटवर्क पर पोस्ट करते हों, आभासी दुनिया में खेलते हों और विकीज़ को योगदान देते हों। इन व्यक्तिगत कामकाजों में भी, हमारा सामाजिक मीडिया का आवेष्टन कंपनी और उसके कर्मचारी, ग्राहक, आपूर्तिकर्ता तथा अन्य व्यावसायिक भागीदारों के प्रति हमारी बाध्यताओं के साथ सुसंगत होना चाहिए।

इन सुलभ मार्गनिर्देशों के माध्यम से इसे आसानी से व्यवहार में लाया जा सकता है:

- व्यक्तिगत पृष्ठों पर, Avery Dennison की ओर से बात न करें, बशर्ते कि आप पदनामित प्रवक्ता हैं।
- कंपनी की गोपनीय सूचना को कभी प्रकट ना करें या बिना उनकी पूर्वानुमति के हमारे ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, व्यावसायिक भागीदारों या कर्मचारियों का हवाला न दें।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## आप + विश्व नीति संदर्भ


| | |
|---|---|
| सिद्धांत1.1 | क़ानूनी और नैतिक आचरण |
| सिद्धांत 1.4 | पर्यावरणीय संरक्षण, स्वास्थ्य और सुरक्षा |
| नीति 4.2 | पर्यावरण संरक्षण और अनुपालन |
| नीति 6.2 | समाचार मीडिया से संवाद |
| नीति 6.3 | वित्तीय सार्वजनिक संबंध और प्रकटन |
| नीति 6.4 | संगठनात्मक घोषणाएँ |
| नीति 6.5 | अधिग्रहण, स्वत्वग्रहण और महत्वपूर्ण व्यावसायिक लेन-देनसंबंधी घोषणाएँ |
| नीति 6.7 | परोपकारी अंशदान |
| नीति 6.9 | इंटरनेट सामाजिक नेटवर्किंग |
| नीति 7.8 | सरकारी जाँच के प्रति प्रतिक्रिया |
| नीति 7.11 | अंतर्राष्ट्रीय बहिष्कार |
| नीति 7.22 | निर्यात प्रतिबंध |


- Avery Dennison वैश्विक ब्रांड दिशानिर्देश का सम्मान करें।
- सभी ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, न्यायोचित उपयोग, व्यापार रहस्य और वित्तीय प्रकटन क़ानूनों का पालन करें।
- अपने स्थान की आपातकालीन घटनाओं के बारे में कभी भी सोशल मीडिया पर पोस्ट न करें।
- Avery Dennison के कर्मचारी के रूप में स्वयं की पहचान कराएँ और जब Avery Dennison या उसके कारोबार के बारे में उल्लेख कर रहे हों, तो स्पष्ट करें कि आप अपनी बात कर रहे हैं न कि कंपनी की।

अधिक जानकारी के लिए इंटरनेट सामाजिक नेटवर्किंग(नीति 6.9), हमारी सामाजिक मीडिया दिशानिर्देश, और हमारे वैश्विक ब्रांड दिशानिर्देश देखें।

### समाचार मीडिया

हमारी कंपनी के नैतिक-मूल्य का एक अंश सुसंगत, सटीक संदेश पर आधारित है, जो विश्व हमसे सुनता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा संदेश हमेशा लक्ष्य पर है, केवल नामित प्रवक्ता ही न्यूज़ मीडिया, निवेश समुदाय और किसी अन्य बाहरी व्यक्ति को कंपनी के बारे में सूचना उपलब्ध करा सकते हैं। आपातकाली परिस्थितियों में ये विशेषरूप से महत्वपूर्ण है। मीडिया के जानकारी अनुरोधों को कॉर्पोरेट संप्रेषणों के लिए संदर्भित करें।

अधिक जानकारी के लिए न्यूज़ मीडिया को संप्रेषण (नीति 6.2) देखें।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# प्र एवं उ

## आप + विश्व

### वैश्विक पदचिह्न

**मेरे स्थल में एक पर्यावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य संबंधी पेशेवर है। क्या इसका मतलब है कि मुझे संपोषणीयता के बारे में चिंता नहीं करनी होगी?**
स्थिरता हर एक की ज़िम्मेदारी है। यह हमारे प्रमुख मूल्यों में से एक है। हममें से प्रत्येक अपने विचार का योगदान दे सकते हैं और ज़िम्मेवार तरीक़े से कार्य करते हुए, हममें से प्रत्येक सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अधिक स्थिर तरीक़े से जीने और काम करने के लिए प्रत्येक का समग्र योगदान आवश्यक होगा।

### सरकारें

**"सरकारी अधिकारी" कौन है?**
क़ानूनन, सरकारी अधिकारियों में सभी स्तरों पर सरकारी कर्मचारी, सरकार-नियंत्रित निकायोंऔर राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों के कर्मचारी, साथ ही राजनीतिक दल और राजनीतिक कार्यालयों के अभ्यर्थी शामिल हैं। कुछ देशों में यह समझना भी मुश्किल हो सकता है कि कौन-सी कंपनियाँ सरकार के स्वामित्व में हैं। यदि आप अनिश्चित हैं, तो क़ानूनी विभाग से संपर्क करें।

**मैं कैसे जान सकता/सकती हूँ कि संभाव्य ग्राहक निषिद्ध पक्ष है?**
उत्तर प्राप्त करने या आपको सही संसाधनों तक निर्देशित करने के लिए अपने स्थानीय वैश्विक व्यापार प्रबंधन प्रतिनिधि से संपर्क करें।

**मैं ऐसे देश में अपने नैतिक सिद्धांतों को कैसे क़ायम रख सकता हूँ जहाँ सीमा-शुल्क अधिकारियों को घूस देने का आम रिवाज़ हो, और हमारे प्रतियोगी ऐसा कर रहे हों?**
ऐसे में भी जब मुश्किल लग रहा हो, बिना घूस दिए कारोबार करना हमेशा संभव होता है। प्रतिस्पर्धी, नैतिक दृष्टिकोण पाने में मदद के लिए कानूनी विभाग से संपर्क करें।

### मीडिया

**मैं अपने पेशेवर विशेषज्ञता संबंधी ब्लॉगों पर पोस्ट करता हूँ। क्या मुझे अपने Avery Dennison संबंध के बारे में सम्मुख रहना होगा?**
ऑनलाइन जगत में कंपनी के संबंधों के बारे में सुस्पष्ट रहना उत्तम शिष्टाचार है। सिर्फ़ इस पंक्ति को अपने ब्लॉग, चैट या अन्य ऑनलाइन प्रविष्टियों में जोड़ें: "यहाँ अभिव्यक्त विचार मेरे निजी हैं और ये Avery Dennison के विचारों को प्रस्तुत नहीं करते हैं।"

# संहिता को लागू करना



# संहिता को लागू करना

**Avery Dennison संहिता को लागू करने, जाँच-पड़ताल करने, और जहाँ तक संभव और उचित हो, सम्मान्य, गोपनीय तरीक़े से समुचित कार्रवाई करने के लिए वचनबद्ध है। हमारे मुख्य अनुपालन अधिकारी, समूह आचार परामर्शदाताओं (GECs) के संयोजन में संहिता लागू करने के लिए ज़िम्मेदार हैं तथा इसपर सामान्य परामर्शदाता और निदेशक मंडल की परिचालन और सामाजिक दायित्व समिति इस पर नज़र रखेगी।**

## जाँच-पड़ताल और प्रतिक्रिया

कंपनी सभी संभाव्य क़ानूनी या संहिता के उल्लंघनों को गंभीरता से लेती है और उचित रूप से जाँच-पड़ताल करती है। मुख्य अनुपालन अधिकारी और सामान्य परामर्शदाता की सलाह के साथ GEC अपने व्यवसायों की पड़तालों की निगरानी करते हैं। GEC द्वारा निर्देशित किए जाने पर संबद्ध विषयों के विशेषज्ञ जाँच-पड़ताल संचालित कर सकते हैं।

जाँच पड़ताल पूरी होने पर, प्रबंधन को कार्रवाई करने का निर्णय लेता है। प्रतिक्रियाओं में उपचारात्मक कार्रवाई (जैसे कि प्रशिक्षण, वर्धित नियंत्रण, शिक्षा या संप्रेषण) अथवा अनुशासनात्मक कार्रवाई शामिल हो सकती है। मानव संसाधन द्वारा नौकरी से संभाव्य बर्खास्तगी शामिल अनुशासनात्मक कार्रवाई की समीक्षा की जाती है।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वार्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

कंपनी, संपूर्ण और उचित पूछताछ के साथ, यथा संभव गोपनीय तरीक़े से जाँच-पड़ताल करती है।

**Avery Dennison किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ़ प्रतिशोध को बर्दाश्त नहीं करेगी, जो अच्छी भावना से इस संहिता के संभाव्य उल्लंघन की रिपोर्ट करता है।** प्रतिशोध कर्मचारी को निष्कासित किए जाने, पद अवनत किए जाने, पुनः असाइन किए जाने, लाभ न दिए जाने, पदोन्नति न दिए जाने, प्रशिक्षण न दिए जाने या महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल न किए जाने के रूप में हो सकता है। संभाव्य उल्लंघन की अच्छी नीयत से रिपोर्ट करने वाले कर्मचारी से प्रतिशोध लेने पर आपको नौकरी से निकाला जा सकता है।

### बेईमान रिपोर्टिंग

जानबूझकर गलत आरोप लगाना, जाँचकर्ता से झूठ बोलना या जाँच-पड़ताल के दौरान सहयोग करने से मना संहिता का उल्लंघन है। इस तरीके से संहिता का उल्लंघन करने वाले किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, इसमें अधिकतम रोज़गार से निष्कासित किया जाना शामिल है।

### संहिता के उल्लंघन के लिए अनुशासन

हम संहिता के उल्लंघन के लिए अनुशासन में सुसंगतता और न्यायसंगति का प्रयास करते हैं। अनुशासन में शामिल हो सकते हैं मौखिक या लिखित चेतावनी; वेतनसहित या रहित निलंबन; प्रोत्साहन क्षतिपूर्ति की रद्दगी या कमी; पदावनति; या अधिक गंभीर अपराधों या आवर्तक कदाचार के लिए नौकरी से बर्खास्तगी।

### छूट

संहिता के किसी प्रावधान के छूट का अनुमोदन निदेशक मंडल या उसकी मनोनीत समिति द्वारा किया जाना चाहिए, और कंपनी ऐसे छूट को क़ानून की अपेक्षा के अनुसार सार्वजनिक रूप से प्रकट करेगी।

## हम अनुशासन में दृढ़ता और औचित्य के लिए प्रयास करते हैं।




**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वार्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।



# केस स्टडी

ये केस स्टडी अंतर्राष्ट्रीय रूप से चुनौतिपूर्ण हैं और अक्सर इनका स्पष्ट उत्तर नहीं होता है। इनमें से कुछ केस परिदृश्य Business Conduct GuideLine को रिपोर्ट की गई वास्तविक घटनाओं पर आधारित हैं। ये दिखाते हैं कि Avery Dennison के लिए काम करते समय आप जिन नैतिक दुविधाओं का सामना कर करते हैं, उनके लिए आपके आपको – अपने प्रबंधक, मानव संसाधन, समूह आचार परामर्शदाता या कानूनी विभाग के अन्य सदस्य या Business Conduct GuideLine से मार्गदर्शन लेना पड़ सकता है।

# व्यापार रहस्य और गोपनीयता

## परिस्थिति

एक ग्राहक गलती से आपको एक खरीदारी ऑर्डर भेज देता है जोकि प्रतिस्पर्धी को जाना था। इससे मिली जानकारी से आपको क्या करना चाहिए?

## मार्गदर्शन

इसे तुरंत लौटा दें, जैसा आप उस डाक के साथ करते हैं जो आपके नहीं होते हैं। गलती से प्राप्त हुए किसी भी दस्तावेज़ की जानकारी पर कोई कार्रवाई न करें और उस दस्तावेज़ को किसी को अग्रेषित न करें। यह बात दर्ज करें कि आपको खरीदारी ऑर्डर प्राप्त हुआ आपने लौटा दिया और प्रेषक को बताएँ कि आपको वो गलती से प्राप्त हो गया था। यदि खरीदारी ऑर्डर ईमेल से भेजा गया था, तो उसे अपने मेलबॉक्स, प्रेषित फ़ोल्डर और ट्रेश फ़ोल्डर से हटा दें।

## परिस्थिति

आपकी व्यावसायिक इकाई ग्राहक के साथ एक गोपनीयता अनुबंध करती है और उसके बाद ग्राहक कोटेशन का अनुरोध भेजता है। इसके साथ साथ, Avery Dennison का कॉर्पोरेट ऑफिस आपकी व्यावसायिक इकाई के लिए एक दीर्घकालिक कार्यनीति विकसित करने के लिए एक बाहरी परामर्शदाता की सेवाएँ लेता है। परामर्शदाता आपसे कोटेशन के अनुरोध की प्रति माँगता है। परामर्शदाता कोटेशन प्रति प्राप्त करने पर ज़ोर देता है, वह कहता है कि उसने पहले भी अपना काम पूरा करने के लिए कई बार Avery Dennison से तृतीय पक्ष की गोपनीय जानकारी प्राप्त की है। परामर्शदाता Avery Dennison के लिए गोपनीयता की अपनी बाध्यताओं के बारे में भी बताता है। आप अपनी व्यावसायिक इकाई की गोपनीयता बाध्यताओं के चलते परामर्शदाता को कोटेशन देने से मना कर देते हैं।

## मार्गदर्शन

आप मामले से ठीक प्रकार निपटते हैं। पहले, परामर्शदाता ने जिन परिस्थितियों में Avery Dennison से तृतीय पक्ष की गोपनीय जानकारी प्राप्त की थी, उसके लिए उन तृतीय पक्षों ने व्यक्त प्राधिकार दिया था। इन प्राधिकारों के लिए Avery Dennison बाहरी सलाहकारों के साथ जानकारी साझा कर पायी। लेकिन इस मामले में, ग्राहक का गोपनीयता अनुबंध परामर्शदाता को गोपनीय जानकारी स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं देता है। इस मामले को ग्राहक के साथ गोपनीयता अनुबंध में संशोधन की मांग करके सुलझा दिया गया जिसके तहत व्यावसायिक इकाई को परामर्शदाता के साथ जानकारी साझा करने की अनुमति मिल गई।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# अविश्वास

## परिस्थिति

आपकी व्यावसायिक इकाई को लगता है कि मूल्यों में वृद्धि करना आवश्यक है क्योंकि इसके कई आपूर्तिकर्ताओं ने मूल्य बढ़ा दिए हैं। पूर्व में मूल्य बढ़ाने के चलते आपकी इकाई को व्यवसाय का नुकसान हुआ था, इसलिए आप बढ़े मूल्य को लागू करने से पहले परीक्षण करना चाहते हैं कि बाज़ार इसके प्रति कैसी प्रतिक्रिया देगा। आपका उद्देश्य यह देखना है कि आप ग्राहकों ये जान सकते हैं या नहीं कि क्या संभावित वृद्धि की घोषणा के बाद प्रतिस्पर्धी भी ऐसा करेंगे और अपने मूल्य बढ़ाएंगे। क्या इसकी अनुमति है?

## मार्गदर्शन

इसे आपके प्रतिस्पर्धियों के लिए "मूल्य संकेतन" के रूप में देखा जा सकता है: आप एक संकेत देते हैं और प्रतिस्पर्धी उस संकेत को स्वीकार कर लेते हैं और उसी तरह व्यवहार करते हैं। इस गतिविधि को मूल्य फ़िक्स करना समझा जा सकता है, जो अविश्वास कानून द्वारा निषेध है। हालांकि ऐसा प्रक्रिया को लागू करने के कारण या तर्क हो सकते हैं, लेकिन असल में यह विवेकपूर्ण नहीं है। ऐसी कोई रणनीति अपनाने से पहले कानूनी विभाग से संपर्क करें।

## परिस्थिति

ग्राहक/प्रतिस्पर्धी में आपका मुख्य संपर्क आपको एक ईमेल भेजता है: "हम X खंड में वाकई अपनी बिक्री बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। यह हमारे लिए प्रमुख है। मैं समझता/समझती हूँ कि आपकी अन्य व्यावसायिक इकाई X खंड में नया उत्पाद ला रही है। यदि आप हमारे साथ अपना व्यवसाय जारी रखना चाहते हैं, तो मैं चाहता/चाहती हूँ कि आप उस अन्य इकाई को ऐसा करने से रोकने के लिए कहें।" आपको क्या करना चाहिए?

## मार्गदर्शन

ग्राहक/प्रतिस्पर्धी को बताएँ कि यह निर्णय अन्य व्यावसायिक इकाई ही करेगी कि नए उत्पाद को बाज़ार में लाना है या नहीं, और आप केवल ग्राहक/प्रतिस्पर्धी के साथ केवल अपने व्यवसाय के बारे में बात कर सकते हैं। कोई ऐसा कार्य न करें या ऐसी बात न कहें जिससे यह लगे कि Avery Dennison नए उत्पाद और ग्राहक/प्रतिस्पर्धी के अन्य व्यवसाय को लेकर किसी प्रकार का अनुबंध करेगी या "क्विड प्रो क्यो" व्यवस्था करेगी। इसके अलावा, इस बात की जानकारी तुरंत कानूनी विभाग को दें।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# रिश्वतखोरी

## परिस्थिति

आप एक ऐसे देश में व्यवसाय फैला रहे हैं जहाँ संपर्क मायने रखते हैं और आप "रास्ते खोलने" और सरकारी अधिकारियों से परिचय कराने के लिए किसी परामर्शदाता की सेवाएँ लेने पर विचार कर रहे हैं। क्या इसमें कुछ गलत है?

## मार्गदर्शन

परामर्शदाताओं की सेवाएँ लेते समय, यह सुनिश्चित करने के लिए उचित मूल्यांकन किया जाना चाहिए कि परामर्शदाता के पास आवश्यक योग्याताएँ और अनुभव है, उसने उचित और वाजिब शुल्कों की माँग की है, और उसका सरकार या सरकार से संबंधित संगठनों से कोई संबंध नहीं है। केवल "रास्ते खोलने" और परिचय कराने के लिए नियुक्त किए गए परामर्शदाता संभावित रिश्वतखोरी की चिंताएँ पैदा कर सकते हैं। ऐसे किसी परामर्शदाता की नियुक्ति करते समय कानूनी विभाग से परामर्श लें।

## परिस्थिति

आपकी इकाई ने हाल ही में एक बड़ा निवेश प्रोजेक्ट पूरा किया है जिसमें कई सरकारी प्राधिकरण शामिल थे।
पूर्ण होने का दिनांक आपके देश के बड़े त्योहार के नजदीक है, जहाँ व्यावसायिक लोगों के लिए ग्राहकों और अन्य व्यवसाय सहयोगियों को उत्सव मानने के लिए बाहर ले जाना एक प्रथा है। चूंकि प्रोजेक्ट आराम से चला और सफल रहा, इसलिए आप प्रोजेक्ट में शामिल सरकारी कर्मचारियों का आभार व्यक्त करने के लिए रात्रि भोज का आयोजन करने का सोच रहे हैं।
अगर आप ऐसा करते हैं?

## मार्गदर्शन

जहाँ तक सरकारी अधिकारियों के मनोरंजन की बात है, आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि क्या मनोरंजन रिश्वतखोरी विरोधी कानूनों का उल्लंघन तो नहीं करता। इस स्थिति में, क्योंकि प्रोजेक्ट समाप्त हो गया था और किसी लंबित अनुमोदनों या अनुमतियों की आवश्यकता नहीं थी, सरकारी अधिकारियों का मनोरंजन करने से व्यावसायिक इकाई को कोई लाभ नहीं मिलेगा। यदि मनोंरन उस अवधि के दौरान होता है जिसके दौरान उस देश में ऐसा मनोरंजन करना एक रिवाज़ है, तो स्थानीय रिश्वतखोरी विरोधी कानूनों के तहत यह स्वीकार्य हो सकता है। फिर भी, आगे बढ़ने से पहले आपको कानूनी विभाग से परामर्श लेना होगा।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

### परिस्थिति

Avery Dennison व्यवसाय इकाई सीमित क्षेत्र में कार्य करती है. क्षेत्र के अंदर और बाहर सामान के सभी आवागमन के लिए कस्टम स्वीकृति की आवश्यकता होती है। स्थानीय कानून के अनुसार कंपनी को कस्टम अधिकारी को आवास या परिवहन और भोजन प्रदान करना आवश्यक है। स्थानीय कस्टम अधिकारी परिवहन और भोजन के लिए नकद भत्ते की मांग करता है, जोकि स्थानीय विनियमों के तहत अनुमत है। क्या आप नकद भत्ता प्रदान कर सकते हैं?

### मार्गदर्शन

अमेरिकी विदेशी भ्रष्ट आचरण अधिनियम और अन्य रिश्वतखोरी विरोधी कानूनों के तहत सरकारी अधिकारियों के साथ काम करते समय अतिरिक्त सावधानी बरती जानी चाहिए। हालाँकि कस्टम अधिकारियों को परिवहन और भोजन (वस्तु के रूप में) प्रदान करने की अनुमति हो सकती है, लेकिन उन्हें नकद या नकद कूपन जैसे ईंधन के कूपन, प्रदान करने की अनुमति नहीं है। आपको यह निर्धारित करने के लिए कानूनी विभाग से परामर्श लेना चाहिए कि पिकअप सर्विस और कंपनी के कैफेटेरिया में भोजन कराना अधिक स्वीकार्य होगा या नहीं। यदि कानूनी विभाग तय करता है कि लागतें उचित हैं, तो यह सुनिश्चिक करना महत्वपूर्ण है कि लागतों को यह दर्शाने के लिए ठीक प्रकार दर्ज किया जाए कि वे कस्टम अधिकारियों को प्रदान की गई हैं।

## हितों में टकराव

### परिस्थिति

आपके कर्मचारी का जीवनसाथी कंपनी को उत्पाद बेच रहा है। उत्पाद प्रतिस्पर्धी मूल्य पर बेचे जाते हैं और कंपनी को उत्पाद पसंद हैं। असल में, अन्य संभावित आपूर्तिकर्ता के मुकाबले कर्मचारी का जीवनसाथी अधिक सस्ती दरों पर और प्रभावी रूप से उत्पाद प्रदान करता है यह संबंध आपकी जानकारी के बिना और स्थानीय खरीदारी प्रबंधक को छोड़ बिना किसी के अनुमोदन के स्थापित हुआ था। क्या इसमें कुछ गलत है?

### मार्गदर्शन

यह तथ्य कि इस संबंध की शुरूआत में इसका प्रबंधन के सामने उचित रूप से प्रकटन नहीं किया गया था, इसे हमारी हितों में टकराव नीति का उल्लंघन बनाता है। उच्च स्तरीय अनुमोदन माँगा जाना चाहिए था और उस निर्णय प्रक्रिया से स्थानीय खरीदारी प्रबंधक औक कर्मचारी और अलग रखा जाना चाहिए था।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## परिस्थिति

आपकी कर्मचारी एक छोटे शहर में स्थानीय योजना आयोग का चुनाव जीतती है जहाँ Avery Dennison परिचालन करती है। यह कर्मचारी आपको सूचित करती है। उसके पर्यवेक्षक के रूप में और स्थानीय समुदाय के लिए कर्मचारी की प्रतिबद्धता को समर्थन देने की इच्छा से आप इसका अनुमोदन दे देते हैं। क्या यह उचित था?

## मार्गदर्शन

नहीं। आपको अनुमोदन देने से पहले मानव संसाधन और कानूनी विभाग से परामर्श लेना चाहिए था। चुने गए पद की प्रकृति के देखते हुए एक अपरिहार्य हितों में टकराव उत्पन्न हो सकता है। ऐसा मौका आ सकता है जिसमें Avery Dennison के संपत्ति हित नगरपालिका के कर्तव्यों से भिन्न हों और कर्मचारी के कर्तव्य और अनिवार्यताएँ भिन्न हो सकती हैं। Avery Dennison और शहर दोनों की गोपनीय जानकारी होने के कारण कर्मचारी भी मुश्किल परिस्थिती में होगी।

## परिस्थिति

आपके एक प्रबंधक का एक अपार्टमेंट है जिसे वह किराए पर देना चाहता है। प्रबंधक को पता चलता है कि मानव संसाधन उन कर्मचारियों के लिए अपार्टमेंट किराए लेने की सोच रहा है जो उस क्षेत्र में यात्रा करते हैं और जिनके अस्थायी निवास की ज़रूरत पड़ती है। मानव संसाधन तय करता है कि Avery Dennison को उस संपत्ति को किराए पर लेना चाहिए और बाज़ार दरों के अनुसार एक तीन वर्षीय किराया अनुबंध पर हस्ताक्षर किए जाते हैं। हालांकि मानव संसाधन को परिस्थिति पता है, लेकिन आप प्रबंधक के पर्यवेक्षक इसका अनुमोदन नहीं देते हैं। इसके अलावा प्रबंधक वित्त विभाग के अपने सहकर्मी को कंपनी द्वारा मासिक किराए का भुगतान करने और फिर इसमें हुए निजी खर्चे के लिए अपनी ओर से भुगतान करने का निर्देश दे देता है। यह सहकर्मी प्रबंधक की मदद के रूप में ऐसा करने के लिए तैयार हो जाता है। क्या इनमें से कोई गतिविधि गलत है?

## मार्गदर्शन

यह स्पष्ट रूप से हितों में टकराव की स्थिति है। भले ही किराया अनुबंध बाज़ार दरों के अनुसार किया गया था और मानव संसाधन के अलावा अन्य लोग भी यह जानते थे कि अपार्टमेंट प्रबंधक का है, फिर भी प्रबंधक को इस मामले के बारे में आपको बताना चाहिए था और आपकी अनुमति लेनी चाहिए थी। इसके अतिरिक्त, प्रबंधक द्वारा अपने निजी खर्चों के लिए भुगान करने के लिए वित्त विभाग के अपने सहकर्मियों से कहना भी गलत था। सहकर्मियों को मना कर देना चाहिए था और इस अनुरोध की रिपोर्ट करनी चाहिए थी।

सिंहावलोकन
हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है
मदद पाना
आप + कार्य-स्थल
आप + बाज़ार
आप + विश्व
संहिता को लागू करना
केस स्टडी

कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

### परिस्थिति

किसी स्थान पर Avery Dennison द्वारा एक कंपनी को अपने निर्माण अपशिष्ट को प्रबंधित करने के लिए नियुक्त किए जाने के बाद आपको एहसास होता है कि स्क्रैप (बचा हुआ अपशिष्ट) धीरे धीरे लेकिन वस्तुतः बढ़ रहा है। आपको शक होता है कि विक्रेता काले बाज़ार में बेचने के लिए परिचालकों को अधिक स्क्रैप जनरेट करने के लिए पैसे दे रहा है। आप विविध विकल्पों पर विचार करते हैं, जिनमें निजी जाँचकर्ता को नियुक्त करना, विक्रेता और इसमें शामिल सभी कर्मचारियों के साथ संबंध समाप्त करना, कर्मचारियों और विक्रेता से बात करना और इस व्यवहार को रोकने की चेतावनी देना या कानून विभाग या Business Conduct GuideLine से इस मामले की रिपोर्ट करना शामिल है। आपको क्या करना चाहिए?

### मार्गदर्शन

अपने समूह आचार परामर्शदाता या व्यवसाय इकाई परामर्शदाता से बात किए बिना आपके द्वारा कोई प्रत्यक्ष कार्रवाई करना गलत होगा। कंपनी नीति के अनुसार सभी जाँच पड़ताल कानूनी विभाग द्वारा निर्देशित होनी चाहिए। एक गलत जाँच-पड़ताल के कानूनी प्रभावों के अलावा, कर्मचारियों को निष्कासित करने और विक्रेता से संबंध समाप्त करने में भी कई समस्याओं के साथ साथ विक्रेता और कर्मचारियों के खिलाफ संभावित आपराधिक मामल या अन्य कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है। ये कानूनी विभाग द्वारा निर्देशित होने चाहिए, नाकि संयंत्र नेतृत्व या बाहरी जाँचकर्ता द्वारा।

## व्यापार अनुपालन

### परिस्थिति

एक आपूर्तिकर्ता एक देश में आपकी व्यवसाय इकाई को सेवा प्रदान करता है लेकिन आपकों को किसी अन्य देश के बैंक खाते में भुगतान करने का निर्देश देता है। क्या ऐसा करने में कोई हानि है?

### मार्गदर्शन

इसमें हानि हो सकती है। हो सकता है यह आपूर्तिकर्ता करों से बचने के लिए अन्य क्षेत्र में भुगतान का अनुरोध कर रहा हो। कानूनी विभाग से बात करें ताकि मामले की और गहराई से जाँच की जा सके।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## परिस्थिति

देश A से सामानों को आयात करने में कुछ प्रतिबंधों के चलते, Avery Dennison ने एक ग्राहक को आश्वासन दिया है कि हम उन्हें देश A में बनाया गया सामान नहीं बेचेंगे। हालांकि उत्पाद की कमी हो जाती है और देश A वह इकलौता Avery Dennison स्थान है जहाँ उत्पाद अधिकता में है। आपको पता चलता है कि एक विक्रय प्रतिनिधि, ग्राहक से परामर्श लिए बिना, निर्णय लेता है कि ग्राहक के ऑर्डर को पूरा करना महत्वपूर्ण है और ग्राहक को देश A का बना माल पहुँचा देता है। इस तथ्य को ग्राहक से छिपाता है और ग्राहक सेवा लिपिक को गलत कस्टम दस्तावेज़ बनाने का निर्देश देता है जिसमें यह इंगित किया गया हो कि उत्पाद दूसरे देश से आया है। क्या इसकी रिपोर्ट करना आपकी ज़िम्मेदारी है?

## मार्गदर्शन

गलत दस्तावेज़ बनाकर, विक्रय प्रतिनिधि ने आचरण संहिता और ग्राहक के साथ अनुबंध का उल्लंघन किया है। ग्राहक पर इसका बड़ा प्रभाव पड़ सकता है, जो देश में सामान आयात करने के लिए ज़िम्मेदार है। आपको इस मामले की रिपोर्ट कानूनी विभाग से अवश्य करनी चाहिए।

## परिस्थिति

उपरोक्त वर्णित स्थिति में, कस्टम अधिकारी रैंडम तरीके से कंटेनर खोलते हैं और उन्हें पता चल जाता है कि संबद्ध दस्तावेज़ उत्पाद के बताए गए मूल देश से नहीं हैं। कस्टम एजेंसी जाँच करती है और Avery Dennison को पत्र भेजकर स्पष्टीकरण मांगती है। पत्र उस विक्रय प्रतिनिधि के पास जाता है जिसने मूल रूप से जानकारी छिपाई थी और अपने पर्यवेक्षण से परामर्श लिए बिना इस मामले से निपटने का निर्णय लेता है। वह कंपनी की ओर से कस्टम अधिकारियों को जवाब देता है और फिर से गलत जानकारी देता है। क्या इससे इस परिस्थिति का हल होगा?

## मार्गदर्शन

विक्रय प्रतिनिधि ने एक ख़राब स्थिति को और ख़राब बना दिया। उसे पर्यवेक्षक की सलाह लेनी चाहिए थी और इस मामले को कानूनी विभाग की नज़र में लाना चाहिए था। संभावित उल्लंघन की जाँच या समाधान करने से पहले, कर्मचारियों को कानूनी विभाग या Business Conduct GuideLine से संपर्क अवश्य करना चाहिए।



कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# सुरक्षित कार्यस्थल

## परिस्थिति

आप अपने कर्मचारी से सुनते हैं कि वह "इस जगह से परेशान है" और शायद कंपनी की संपत्ति को क्षति पहुँचा रहा है। इस शिकायती व्यक्ति को अशिष्ट बोलने और बकवास करने की आदत है। अपनी इस छवि के चलते, आप उसकी बात को उसकी भड़ास निकालने का तरीका समझकर अनदेखा करने का निर्णय लेते हैं। क्या आप इसमें कुछ कर सकते हैं?

## मार्गदर्शन

ऐसी किसी भी टिप्पणी जिसमें कंपनी के कर्मचारी या कंपनी की संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का उल्लेख हो, को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और तुरंत उसकी रिपोर्ट पर्यवेक्षक, मानव संसाधन या पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से की जानी चाहिए। आपको टिप्पणियों या उन्हें करने के इरादों का अर्थ निकालने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

## परिस्थिति

आपको कंपनी के उत्पाद से जुड़े गंभीर विपरीत स्वास्थ्य प्रतिक्रिया या सुरक्षा चिंता का पता चलता है। क्या इसकी रिपोर्ट करना आपकी ज़िम्मेदारी है?

## मार्गदर्शन

यदि आपको किसी ऐसी चिंता के बारे में पता चलता है, तो इस मामले के बारे में तुरंत अपने उत्पाद अनुपालन अधिकारी को बताएँ।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# वितरक

## परिस्थिति

Avery Dennison के एक बड़े वितरक को एक छूट कार्यक्रम के बारे में पता चलता है जो हमने अपने अंतिम उपयोगकर्ताओं के लिए बनाया है। कार्यक्रम गोपनीय है और, हालांकि अधिकांश विक्रय इसी वितरक के माध्यम से होता है, फिर भी अंतिम उपयोगकर्ता इसी वितरक से हमारा उत्पाद खरीदने के लिए प्रतिबंधित नहीं हैं। स्थानीय Avery Dennison विक्रय प्रतिनिधि होने के नाते वितरक आपसे संपर्क करता है और माँग करता है कि उसको छूट वाला भुगतान प्राप्त हो और यह कि वह अंतिम उपयोगकर्ता के साथ "चीज़ों को संभाल लेगा"। आपको क्या करना चाहिए?

## मार्गदर्शन

अंतिम उपयोगकर्ता के साथ छूट कार्यक्रम की शर्तों को पूरा करना हमारी कानूनी और नैतिक ज़िम्मेदारी है, जिसका अर्थ है कार्यक्रम की गोपनीयता को बनाए रखना। आपको यह पता करने की कोशिश करनी चाहिए कि वितरक को कार्यक्रम के बारे में कैसे पता चला, लेकिन आपको कार्यक्रम के विवरण पर वितरक के साथ चर्चा नहीं करनी चाहिए। आपको वरिष्ठ प्रबंधन और कानूनी विभाग को भी गोपनीतया के उल्लंघन की रिपोर्ट देनी चाहिए। हो सकता है अंतिम उपयोगकर्ता को सूचित करना पड़े। इस छूट को वितरक को देने के लिए आपकी कंपनी इस अनुरोध का पालन नहीं कर सकती। ऐसा करने से अंतिम उपयोगकर्ता के छूट के अनुबंधीय अधिकार का उल्लंघन होगा और इसके चलते अंतिम उपयोगकर्ता को केवल उसी वितरक से महंगा उत्पाद खरीदना होगा।

## परिस्थिति

Avery Dennison के एक बड़े शहर में कई प्रतिस्पर्धी वितरक हैं। एक महत्वपूर्ण कार्य में बोली हारने के बाद, एक सबसे बड़ा वितरक अपने स्थानीय Avery Dennison विक्रय प्रतिनिधि से खोये कार्य में "मूल्य को अंडरकट" करने की शिकायत करने के लिए संपर्क करता है। बड़ा वितरक आपको यानि स्थानीय प्रतिनिधि को इंगित करके बताता है कि वह लंबे समय से ग्राहक है और वह अन्य वितरकों को प्राप्त होने वाले वितरकों से अधिक लाभदायक मूल्य निर्धारण चाहता है। क्या अनुरोध को मान लिया जाना चाहिए?

## मार्गदर्शन

आपको हमारे द्वारा अन्य वितरकों को प्रदान किए जाने वाले मूल्यों के बारे में उस वितरक से चर्चा नहीं करनी चाहिए क्योंकि ऐसे संबंध अविश्वास और अन्य कानूनों के तहत आते हैं। हालांकि, इस नियम के लिए कानूनी अपवाद हैं, जैसे मात्रा में छूट जो सामान्यतः उपलब्ध होती है। इनमें से कोई अपवाद लागू होता है या नहीं यह जानने के लिए कानूनी विभाग से संपर्क करें।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# उत्पाद अनुपालन

## परिस्थिति

एक ग्राहक आपसे यह प्रमाणित करने के लिए कहता है कि हमारे उत्पाद पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और सुरक्षा कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं और यह भी कि वे ग्राहक के प्रतिबंधित पदार्थों से संबंधित विनिर्देशों को पूरा करते हैं। क्या आपको ऐसे प्रमाणीकरण पर हस्ताक्षर करने चाहिए?

## मार्गदर्शन

प्रमाणपत्र पर केवल तभी हस्ताक्षर करें जब ऐसा अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु पूर्ण जाँच करने के लिए आप ज़िम्मेदार व्यक्ति हैं। इसमें हमारे आपूर्तिकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षरित आवश्यक प्रमाणीकरण प्राप्त करना, अंतिम उत्पाद में शामिल सभी रसायनों के लिए सामग्री डेटा सुरक्षा पत्र की समीक्षा करना और/या विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला में उत्पाद का परीक्षण करना शामिल हो सकती है। संपूर्ण जाँच के भाग के रूप में किए गए सत्यापन की स्तर हस्ताक्षरित प्रमाणीकरण पर निर्दिष्ट होना चाहिए या कवर पत्र में अलग से उल्लिखित होना चाहिए, और ग्राहक को वापस भेजने से पहले उसे समूह के उत्पाद अनुपालन प्रबंधक और कानूनी परामर्शदाता से अनुमोदित कराया जाना चाहिए। उत्पाद अनुपालन प्रबंधक को उत्पाद अनुपालन पर ग्राहक के साथ किए गए संचारों के सभी अभिलेख संभाल कर रखने चाहिए।

## परिस्थिति

आपको एक ग्राहक सूचित करता है कि एक उत्पाद से स्वास्थ्य को खतरा हो रहा है। आपको क्या करना चाहिए?

## मार्गदर्शन

आपको तुरंत इसकी रिपोर्ट अपने उत्पाद अनुपालन अधिकारी और कानूनी विभाग को करनी चाहिए। यदि आप किसी समस्या पर ग्राहक के साथ पहले संपर्क व्यक्ति हैं, तो खुद समस्या का समाधान न करें। इसकी बजाय, ग्राहक को बताएँ कि Avery Dennison विनियामक अनुपालन और ग्राहक की आवश्यकताओं के अनुपालन को बहुत गंभीरता से लेता है, और उत्पाद सुरक्षा से संबंधित सभी मामलों को तुरंत उत्पाद अनुपालन को निर्देशित कर दिया जाता है, जो ग्राहक को उत्तर देते हैं।




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# रोज़गार परिपाटियाँ

### परिस्थिति

आपका कर्मचारी अपने पर्यवेक्षकों द्वारा गलत व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए Business Conduct GuideLine पर कॉल करता है। कानूनी विभाग और मानव संसाधन जाँच करते हैं। आपके विभाग के कई कर्मचारियों से बात की जाती है, और निष्कर्ष दिखाते हैं कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद गलत व्यवहार किया, अपनी प्रत्यक्ष रिपोर्ट को गलत तरीके से ट्रीट किया और अपने सहकर्मियों और पर्यवेक्षकों का सम्मान नहीं किया। जाँच के परिणामों को जानने के बाद, आप कॉल करने वाले व्यक्ति को Avery Dennison से निकालना चाहते हैं। हालांकि, कर्मचारी ने Business Conduct GuideLine पर कॉल किया, इसलिए उसे नौकरी से निकाले जाने को उसके द्वारा और आपके संगठन द्वारा कॉल करने का प्रतिशोध समझा जा सकता है। आप क्या कर सकते हैं?

### मार्गदर्शन

हालांकि यह सत्य है कि ऐसे प्रदर्शन और व्यावहारिक विषय थे जो कर्मचारी के निष्कासन को उचित ठहरा सकते थे, लेकिन उसके द्वारा Business Conduct Guideline को कॉल करने से स्थिति और जटिल हो जाती है। कर्मचारियों को बात रखने की आज़ादी महसूस होनी चाहिए, यह जानते हुए कि उन्हें GuideLine पर कॉल करने के लिए प्रतिशोध का सामना नहीं करना पड़ेगा। समूह आचार परामर्शदाता इस मामले को मुख्य अनुपालन अधिकारी और सामान्य परामर्शदाता तक ले जाएगा। यदि यह सुनिश्चित है कि निष्कासन प्रत्यक्ष रूप से कर्मचारी द्वारा GuideLine पर कॉल करने का परिणाम नहीं है और यह कि निष्कासन के अन्य वैध कारण हैं, तो निष्कासन की अनुमति दी जा सकती है।

# सामान्य रूप से व्यवसाय करना

### परिस्थिति

आपकी व्यावसायिक इकाई ने एक विज्ञापन एजेंसी की मदद से ने ऐसे जिल्द तैयार किए हैं जो बाहरी पेशेवरों द्वारा बनाई गई फ़ोटो प्रदर्शित करते हैं। विज्ञापन एजेंसी ने फ़ोटो संशोधित कर दीं, लेकिन उन्हें अभी भी आसानी से पहचाना जा सकता है, इसलिए फ़ोटोग्राफ़र कॉपीराइट के उल्लंघन का दावा कर सकता है। आपको क्या करना चाहिए?

### मार्गदर्शन

उन फ़ोटो का उपयोग करने के लिए आपकी व्यवसाय इकाई को उन फ़ोटोग्राफ़रों से अनुमति लेनी चाहिए थी। यदि अब अनुमति नहीं ली जा सकती, तो जिल्दों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।




**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

## परिस्थिति

एक ग्राहक माँग करता है कि आप इनवॉइस के दो सेट प्रदान करें, एक सामान के वास्तविक मूल्य और गुणवत्ता के साथ और दूसरा कम मूल्य या गुणवत्ता के साथ। ग्राहक कहता है कि कस्टम में जमा करने के लिए कम मूल्य का इनवॉइस चाहिए ताकि उसे कम सीमाकर चुकाना पड़े। वह कहता है कि Avery Dennison को कोई नुकसान नहीं होगा और यह कि उसे भी खुशी होगी, इसलिए यह सभी के लिए फायदे का सौदा लगता है। क्या आपको यह अनुरोध मानना चाहिए?

## मार्गदर्शन

नहीं। कोई गैरकानूनी काम करने में तृतीय पक्ष की मदद करने से हमारी संहिता का उल्लंघन होता है और इससे कंपनी पर गंभीर जुर्माना लग सकता है और किसी व्यक्ति पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें अधिकतम निष्कासन शामिल है।

## परिस्थिति

आपका एक कर्मचारी कहता है कि उसे नहीं पता कि एक कार्रवाई पूरी तरह से हमारे मूल्यों से सुसंगत है या नहीं, लेकिन चूंकि हमारे प्रतिस्पर्धी ऐसा करते हैं, इसलिए उनसे प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमें भी ऐसा करना होगा। आपको क्या करना चाहिए?

## मार्गदर्शन

जब कर्मचारियों के सामने ये बात आती है कि जो वे जानते हैं वह Avery Dennison मूल्यों के सुसंगत है और जो कर्मचारी समझते हैं वह प्रतिस्पर्धा के लिए महत्वपूर्ण है, तो कर्मचारियों के दिमाग में संदेह उत्पन्न हो सकता है। उदाहरण के लिए, कर्मचारी जानकारी हासिल करने के लिए खुद को गलत तरीके से प्रस्तुत करके "प्रतिस्पर्धी शोध" में शामिल होने के लिए आकर्षित हो सकते हैं। या यह जाने बिना कि उत्पाद वायदे के अनुसार प्रदर्शन कर सकता भी है या नहीं, वे किसी उत्पाद के प्रदर्शन के बारे में बढ़ाचढ़ाकर वायदे कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि प्रतिस्पर्धी ऐसा करते हैं। या वे एकाधिक इनवॉइस जारी करने का अनुरोध मान सकते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि प्रतिस्पर्धी ऐसा करते हैं। जहाँ प्रतिस्पर्धी होने और नैतिक होने के बीच कथित दुविधा हो, तो कर्मचारी को उचित समूह आचार परामर्शदाता या व्यवसाय इकाई परामर्शदाता से मार्गदर्शन लेने के लिए कहें।



**कुछ पूछना चाहते हैं?** संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

# Our Business Conduct GuideLine

**Argentina**
Telefonica
00.800.1777.9999
Spanish

All Carriers
0800.333.0095
Spanish

**Australia**
Telstra
0011.800.1777.9999
English

All Carriers
1.800.763.983
English

**Bangladesh**
All Carriers
+880.(0).9610.998400
Bengali, Hindi, English

**Belgium**
Comgen Brussels
00.800.1777.9999
Dutch, French

All Carriers
0800.260.39
Dutch, French

**Brazil**
Embretel
0021.800.1777.9999
Portuguese

All Carriers
0.800.892.2299
Portuguese

**Brazil** (Rio de Janeiro)
All Carriers
+55.2120181111
Portuguese

**Cambodia**
(Phnom Penh)
All Carriers
+855.23962515
Khmer, English, French

**Canada**
All Carriers
1.800.235.6302
French, English

**Chile**
CTC Mundo and Entel
1230.020.3559
Spanish

**China**
Telcom and Unicorn
00.800.1777.9999
Mandarin

All Carriers
400.120.3062
Mandarin

**Colombia**
Colombia ETB
844.397.3235
Spanish

**Colombia** (Bogota)
All Carriers
+57.13816523
Spanish

**Czech Republic**
All Carriers
800.701.383
Czech

**Denmark**
All Carriers
8082.0058
Danish

Telecom Denmark
00.800.1777.9999
Danish

**Dominican Republic**
All Carriers
1.829.200.1123
Spanish

**Egypt**
All Carriers
0800.000.0413
Arabic

**El Salvador**
(San Salvador)
All Carriers
503.21133417
Spanish, English

**France**
All Carriers
0805.080339
French

**France** (includes Andora, Corsica, Monaco)
France Telecom
00.800.1777.9999
French

**Germany**
Deutsche Bundespost Telekom
00.800.1777.9999
German

**Germany**
All Carriers
0800.181.2396
German

**Guatemala**
(Guatemala City)
All Carriers
+502.23784832
Spanish

**Honduras**
All Carriers
800.2791.9500
Spanish, English

**Hong Kong**
CW
001.800.1777.9999
Mandarin, Cantonese, English

All Carriers
800.906.069
Mandarin, Cantonese, English

**India**
VSNL
000.800.100.3428
Hindi

**India**
All Carriers
000.800.100.4175
Hindi

**Indonesia**
Persero Indosat
803.015.203.5129
Indonesian

**Indonesia**
(Jakarta)
All Carriers
62.21.297.589.86
Indonesian

**Ireland**
Telecom Eireann
00.800.1777.9999
English

**Israel**
All Carriers
1.809.457254
Arabic, Hebrew

**Israel**
Barak, Bezeq, and Gldn Lns
00.800.1777.9999
Arabic, Hebrew

**Italy**
All Carriers
800.727.406
Italian

**Italy** (includes San Marino, Vatican City)
Telecom Italia
00.800.1777.9999
Italian

**Japan**
All Carriers
010.800.1777.9999
Japanese

All Carriers
0800.170.5621
Japanese

**Kenya**
All Carriers
0800.221312
English, Swahili

**Kenya** (Nairobi)
All Carriers
+254.20.3892291
English, Kirundi, Amharic, French

**Korea** (Republic of South Korea)
Dacom
002.800.1777.9999
Korean

All Carriers
080.808.0574
Korean

**Luxembourg**
Luxembourg Postes et Telecom
00.800.1777.9999
French

**Malaysia**
All Carriers
+60.1548770383
Malaysian

Malaysia Telecom
00.800.1777.9999
Malaysian

**Mauritius**
All Carriers
802.049.0005
English

**Mexico**
Telmex
866.376.0139
Spanish, English

All Carriers
800.681.6945
Spanish, English

**Netherlands**
All Carriers
0.800.022.0441
Dutch

Telecom Netherlands
00.800.1777.9999
Dutch

**New Zealand**
Telecom Corp
00.800.1777.9999
English


सिंहावलोकन
हमारी संहिता किसके द्वारा संचालित है
मदद पाना
आप + कार्य-स्थल
आप + बाज़ार
आप + विश्व
संहिता को लागू करना
केस स्टडी


कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।

- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।

(continued)

**New Zealand**
All Carriers
0800.002341
English

**Norway**
All Carriers
800.24.664
Swedish

Telenor Nett
00.800.1777.9999
Swedish

**Pakistan** (Islamabad)
All Carriers
+92.518108900
English, Urdu, Farsi

**Peru**
All Carriers
0800.78323
Spanish, English

**Philippines** (Manila)
All Carriers
+63.2.8626.3049
Tagalog, English

PLDT
00.800.1777.9999
Tagalog, English

**Poland**
Polish Telecom
00.800.111.3819
Polish

All Carriers
00.800.141.0213
Polish

**Romania**
All Carriers
0.800.360.228
Romanian, English

**Russia**
All Carriers
8.800.100.9615
Russian

**Singapore**
Singapore Telecom
001.800.1777.9999
Mandarin

All Carriers
800.852.3912
Mandarin

**South Africa**
Posts & Telecom
00.800.1777.9999
English

**South Africa**
(Johannesburg)
All Carriers
+27.105004106
English

**Spain**
(includes Canary Islands)
Telefonica
00.800.1777.9999
Spanish

All Carriers
900.905460
Spanish

**Sri Lanka**
(inside Colombo)
All Carriers
247.2494
English

**Sri Lanka**
(outside Colombo)
All Carriers
011.247.2494
English

**Sweden**
Telia Telecom AB
00.800.1777.9999
Swedish

All Carriers
020.889.823
Swedish

**Switzerland**
(includes Lichtenstein)
Swisscom
00.800.1777.9999
German

**Taiwan**
All Carriers
00801.14.7064
Mandarin

Chunghura Telecom
00.800.1777.9999
Mandarin

**Thailand**
All Carriers
1.800.012.657
Thai

Comm Authority of
Thailand
001.800.1777.9999
Thai

**Thailand** (Bangkok)
All Carriers
+66.21065161
English, Thai, Burmese

**Turkey**
All Carriers
00.800.113.0803
Turkish

**Ukraine**
All Carriers
0.800.501134
Ukrainian

**United Arab Emirates**
All Carriers
8000.3570.3169
English, Arabic

**United Kingdom**
(includes England,
Scotland, Northern
Ireland, Wales)
All Carriers
0.808.189.1053
English

**United Kingdom**
(includes England,
Scotland, Northern
Ireland, Wales)
BT and CW
00.800.1777.9999
English

**United States and Canada** (includes US
Virgin Islands, Puerto
Rico. Guam)
All Carriers
1.800.461.9330
English, Spanish

**Vietnam**
All Carriers
122.80.390
Vietnamese

**Note**
For countries not listed here,
please use the following number
+1.720.514.4400

Operator assistance may be required
and local charges may apply.

English, Spanish, Mandarin, Arabic, Russian.
French, Armenian, Bengali, Lao. Uzbek




कुछ पूछना चाहते हैं? संपर्क विवरण के लिए पृष्ठ 10-11 देखें।


- अपने प्रबंधक, अपने समूह आचरण परामर्श दाता या मानव संसाधन के साथ वर्तालाप प्रारंभ करें।
- किसी भी समय Business Conduct GuideLine से संपर्क करें (अगर आप चाहें, तो अज्ञात रूप से)।




© 2018 Avery Dennison Corporation। सर्वाधिकार सुरक्षित